## दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

# DSSSB

# सामान्य हिन्दी

एवं

# सामान्य अंग्रेजी

# अध्यायवार सॉल्वड पेपर्स

**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**प्रस्तुति**

DSSSB परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**संपादकीय कार्यालय**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com**

**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने ओम साईं ऑफसेट, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**मूल्य : 495/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# CONTENT

## सामान्य हिन्दी


- वर्णमाला ........ 7-9
- वर्तनी एवं वाक्य शुद्धि ........ 10-23
- संज्ञा ........ 24-28
- सर्वनाम ........ 29-31
- विशेषण ........ 32-35
- क्रिया ........ 36-38
- लिंग तथा वचन ........ 39-47
- काल एवं वाच्य ........ 48-49
- कारक ........ 50-52
- तद्भव एवं तत्सम शब्द तथा शब्दों की उत्पत्ति ........ 52-55
- उपसर्ग तथा प्रत्यय ........ 56-58
- विलोम शब्द ........ 59-68
- पर्यायवाची शब्द/समानार्थी ........ 69-79
- वाक्यांश के लिए एक शब्द ........ 80-87
- रिक्त स्थान ........ 88-97
- वाक्य रचना एवं वाक्य भेद ........ 97-97
- संधि ........ 98-106
- समास ........ 107-111
- व्यवस्थित वाक्य क्रम ........ 112-114
- रस, छन्द एवं अलंकार ........ 114-115
- मुहावरें एवं लोकोक्तियाँ ........ 116-131
- अपठित गद्यांश और प्रश्नोत्तर ........ 132-161
- हिन्दी भाषा व साहित्य ........ 162-164
- रचना एवं रचनाकार ........ 164-164
- विविध ........ 165-180

# GENERAL ENGLISH


- **General English ...... 181-400**
  - Parts of Speech...... 181-189
  - Tense...... 190-193
  - Word Formation...... 194-251
    - (a) Idiom/Phrase...... 194
    - (b) One Word Substitution...... 209
    - (c) Antonym...... 220
    - (d) Synonym...... 236
  - Sentence Error...... 252-276
  - Comprehension...... 277-326
  - Sentence Arrangement...... 327-341
  - Singular and Plural...... 342
  - Gender...... 342
  - The Sentence...... 343-352
    - (a) Type of Sentence...... 343
    - (b) Active Voice/Passive Voice...... 346
  - Miss-Spelt...... 353-362
  - Fill in blank...... 363-380
  - Sentence Improvement...... 381-389
  - Close Test...... 390
  - Narration...... 391-393
  - Miscellaneous...... 394-400


# DSSSB पूर्व प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट


| S.N. | Exam NAME | EXAM DATE/TIME | Hindi | English |
|---|---|---|---|---|
| | **DSSSB** | | | |
| 1. | DSSSB, PRT | 2021-2022 | 26×20 =520 | 26×20 =520 |
| 2. | DSSSB, PRT | 15.11.2019, 12:30-2:30 pm | 20 | 20 |
| 3. | DSSSB, PRT | 15.11.2019, 8:30-10:30 am | 20 | 20 |
| 4. | DSSSB, PRT | 14.11.2019, 12:30-2:30 pm | 20 | 20 |
| 5 | DSSSB, PRT | 14.11.2019, 8:30-10:30 am | 20 | 20 |
| 6. | DSSSB, PRT | 13.11.2019, 4:30-6:30 pm | 20 | 20 |
| 7. | DSSSB, PRT | 13.11.2019, 12:30-2:30 pm | 20 | 20 |
| 8. | DSSSB, PRT | 13.11.2019, 8:30-10:30 am | 20 | 20 |
| 9. | DSSSB, PRT | 11.11.2019, 4:30-6:30 pm | 20 | 20 |
| 10. | DSSSB, PRT | 11.11.2019, 12:30-2:30 pm | 20 | 20 |
| 11. | DSSSB, PRT | 11.11.2019, 8:30-10:30 am | 20 | 20 |
| 12. | DSSSB, PRT | 11.11.2018, 8:30-10:30 am | 20 | 20 |
| 13. | DSSSB, PRT | 10.11.2018, 8:30-10:30 am | 20 | 20 |
| 14. | DSSSB, PRT | 06.10.2018, 12:30-2:30 pm | 20 | 20 |
| 15. | DSSSB, PRT | 06.10.2018, 4:30-6:30 pm | 20 | 20 |
| 16. | DSSSB, PRT | 13.10.2018 | 20 | 20 |
| 17. | DSSSB, PRT | 2018 | 20 | 20 |
| 18. | DSSSB, PRT | 2017 | 20 | 20 |
| 19. | DSSSB, TGT/PGT | 2021 | 6×20=120 | 6×20=120 |
| 20. | DSSSB, TGT | 2016 | 20 | 20 |
| 21. | DSSSB, PRT, Post Code-16/17 | 29.10.2017 | 20 | 20 |
| 22. | DSSSB, PRT, Post Code-70/09 | 02.02.2014 | 20 | 20 |
| 23. | DSSSB, PRT, Post Code-150/14 | 19.10.2014 | 20 | 20 |
| 24. | DSSSB, PRT, Post Code-71/09 & 101/12 | 25.08.2013 | 20 | 20 |
| 25. | DSSSB, PRT (Special Education),Post Code-01/13 | 28.07.2013 | 20 | 20 |
| 26. | DSSSB, PRT (Cancelled), Post Code-70/90 | 29.12.2013 | 20 | 20 |
| | **KVS** | | | |
| 27. | KVS, TGT | 2018 | 10 | 10 |
| 28. | KVS, TGT | 08.10.2017 | 10 | 10 |
| 29. | KVS, PRT | 20.12.2018 | 10 | 10 |
| 30. | KVS, PRT | 2017 | 10 | 10 |
| 31. | KVS, PRT | 2016-17 | 10 | 10 |
| 32. | KVS, PRT (Music) | 2016 | 10 | 10 |
| 33. | KVS, PRT | 16.12.2017 | 10 | 10 |
| 34. | KVS, PRT | 04.10.2015 | 10 | 10 |
| 35. | KVS, PRT | 15.12.2013 | 10 | 10 |
| 36. | KVS, PRT | 2010 | 10 | 10 |
| 37. | KVS, Assistant Teacher (Nursery) | 31.08.2014 | 10 | 10 |
| 38. | KVS, Vice- Principal | 2018 | 10 | 10 |
| 39. | KVS, Principal | 2016 | 10 | 10 |
| | **NVS** | | | |
| 40. | NVS, TGT | 28/29/30. 11. 2022 | 6×10 = 60 | 6×10 = 60 |
| 41. | NVS, TGT | 18.09.2019 (I & II) | 2×10 = 20 | 2×10 = 20 |
| 42. | NVS, TGT | 2017 | 10 | 10 |
| 43. | NVS, TGT | 15/16/. 12. 2022 | 4×10 = 40 | 4×10 = 40 |
| 44. | NVS, PGT | 19.09.2019 (I & II) | 2×10 = 20 | 2×10 = 20 |
| 45. | NVS, PGT | 2018 | 10 | 10 |
| 46. | NVS, PGT | 2016 | 10 | 10 |
| | **NCERT** | | | |
| 47. | NCERT, PRT | 30.07.2017 | 20 | 20 |
| | | **Total** | **1440** | **1440** |

**नोट-** उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त **DSSSB (PRT/TGT/PGT), KVS (TGT/PRT/PGT/Nursery) , NVS (TGT/PGT), NCERT (PRT)** से सम्बन्धित कुल प्रश्न (सा.हिन्दी+सा.अंग्रेजी = **2880** (दुहराव + समान प्रवृत्ति वाले प्रश्न) प्रश्नों को मूल प्रश्नों के परीक्षा नाम के साथ नीचे जोड़ दिया गया है ताकि परीक्षार्थी प्रश्न पूछने की तकनीकि का लाभ मिल सके।


# पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों का विश्लेषणात्मक पाई चार्ट एवं बार ग्राफ

## हिन्दी




# ENGLISH



Sentence Improvement, 61
Close Test, 13
Narration, 17
Miscellaneous , 55
General English, 324
Fill in blank, 159
Miss-Spelt, 128
Parts of Speech, 108
The Sentence, 64
Gender, 5
Tense, 40
Singular and Plural, 10
Sentence Arrangement, 101
Word Formation, 642
Comprehension, 318
Sentence Error, 231

324
108
40
642
231
318
101
10
5
64
128
159
61
13
17
55
General English
Parts of Speech
Tense
Word Formation
Sentence Error
Comprehension
Sentence Arrangement
Singular and Plural
Gender
The Sentence
Miss-Spelt
Fill in blank
Sentence Improvement
Close Test
Narration
Miscellaneous

# 01.

# वर्णमाला

1. 'क्ष' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है? निम्नांकित विकल्पों में से सही विकल्प की पहचान कीजिए :

(a) क् + श (b) क् + छ
(c) छ् + ह (d) च् + प

**KVS PRT N.E.R. 2017**

**Ans. (*) :** दिये गये विकल्पों में कोई भी विकल्प सही नहीं है, 'क्ष' वर्ण 'क् + ष' वर्णों से मिलकर बना संयुक्त व्यंजन है। अन्य संयुक्त व्यंजन इस प्रकार बने है–
त्र = त् + र
ज्ञ = ज् + ञ
श्र = श् + र

2. 'ढ' वर्ण किस वर्ग का है ? दिए गए विकल्पों में सही विकल्प छाँटिए।

(a) क वर्ग (b) च वर्ग
(c) प वर्ग (d) ट वर्ग

**KVS PRT N.E.R. 2017**

**Ans. (d)** क वर्ग – क, ख, ग, घ, ङ
च वर्ग – च, छ, ज, झ, ञ
ट वर्ग – ट, ठ, ड, ढ, ण
प वर्ग – प, फ, ब, भ, म

3. भाषा की सबसे छोटी इकाई की पहचान निम्नलिखित विकल्पों में से कीजिए:

(a) ध्वनि (b) शब्द
(c) अनुच्छेद (d) वाक्य

**KVS PRT 2016-2017**

**Ans. (a) :** भाषा की सबसे छोटी इकाई को ध्वनि कहते है।
* लघुत्तम वाक-ध्वनि को वर्ण कहते है
* वर्ण उस मूल ध्वनि को कहते है, जिसका खण्ड न हो। जैसे - अ, ई, च, व, क, इत्यादि
* मूलतः हिन्दी में 52 वर्ण है, वर्णो के उच्चारण समूह को वर्णमाला कहते है।

4. 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है? निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प की पहचान कीजिए:

(a) ज् + ञ (b) ज + य
(c) ज + न्य (d) ज + ञ

**KVS PRT 2016-2017**

**Ans. (a) :** 'ज्ञ' वर्ण 'ज् + ञ' के संयोग से बना है। 'ज्ञ' संयुक्त व्यंजन है तथा इसका खण्ड किया जा सकता है। अन्य संयुक्त व्यंजन इस प्रकार है - क्ष = क् + ष
त्र = त् + र

5. 'प' किस तरह की ध्वनि है? नीचे दिए गए विकल्पों मे से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) कंठ्य (b) मूर्धन्य
(c) ओष्ठ्य (d) तालव्य

**KVS PGT NER (Common) 21/12/2017**

**Ans. (c) :**

| उच्चारण स्थान | | ध्वनि |
|---|---|---|
| कंठ्यः | - | क, ख, ग, ध, ङ |
| तालव्यः | - | च, छ, ज, झ, ञ |
| मूर्धन्यः | - | ट, ठ, ड, ढ़, ण |
| दंत्यः | - | त, थ, द, ध, न |
| ओष्ठ्यः | - | प, फ, ब, भ, म |

6. किसी स्वर की सहायता से उच्चारित होने वाले वर्ण क्या कहलाते हैं? निम्ननिखित विकल्पों में से उपयुक्त की पहचान कीजिएः

(a) विसर्ग (b) व्यंजन
(c) महाप्राण (d) अनुस्वार

**KVS PGT NER (Common) 21/12/2017**

**Ans. (b) :** किसी स्वर की सहायता से उच्चारित होने वाले वर्ण व्यंजन कहलाते है। प्रत्येक व्यंजन के उच्चारण में 'अ' ध्वनि छिपी रहती है। 'अ' के बिना व्यंजन का उच्चारण संभव नहीं है। जैसेः क् + अ = क

7. वर्तमान हिन्दी किस लिपि में लिखि जाती है?

(a) खरोष्ठी (b) मंदारिन
(c) पालि (d) देवनागरी

**KVS PGT NER (Common) 21/12/2017**

**Ans. (d) :** वर्तमान हिन्दी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। भारत की सभी लिपियाँ मुख्यतः ब्राह्मी लिपि से निकली हैं।
खरोष्ठी- यह लिपि दाएँ से बाएँ लिखी जाती है। सम्राट अशोक के शाहबाजगढ़ी और मनसेहरा अभिलेख खरोष्ठी लिपि में ही लिखे गये है।
मंदारिन- यह एक चीनी भाषा है, जो चीनी भावचित्र में ही लिखी जाती है।
पालि- पालि का शाब्दिक अर्थ 'पवित्र रचना' है। इसे बौद्ध त्रिपिटक की भाषा के रूप में भी जाना जाता है।

8. **'म्' किस प्रकार का वर्ण है?**

(a) दंत्योष्ठ्य (b) अनुनासिक

(c) ओष्ठ्य (d) दंत्य

**KVS TGT Work Experience 2018**

**Ans. (c) :** मुँह के जिस भाग से वर्णों की ध्वनियों का उच्चारण होता है, उसे उच्चारण स्थान कहते है। मुख्यतः वर्णों के उच्चारण स्थान छह है- कंठ, तालु, मूर्धा, दंत, ओष्ठ और नाक। उ, ऊ, प, फ, ब, भ तथा म का उच्चारण स्थान ओष्ठ्य से होता है।

9. **उच्चारण स्थान के आधार पर हिन्दी-व्यंजनों को कितने वर्गों में रखा जाता है? निम्नलिखित में से सही विकल्प को चिह्नित कीजिए :**

(a) ग्यारह (b) नौ

(c) सात (d) पांच

**KVS TGT 2016**

**Ans. (b) :** उच्चारण स्थान के आधार हिन्दी वर्णमाला को नौ वर्गों में रखा गया है।

1. कंठ्य- अ, आ, क वर्ग, ह और विसर्ग
2. तालु- इ, ई, च वर्ग, य और श
3. मूर्धा- ऋ, ट वर्ग, र और ष
4. दन्त- त वर्ग, ल, स, ल
5. ओष्ठ- उ, ऊ, प वर्ग
6. नासिका- अं, ङ, ञ, ण, न, म
7. कण्ठोष्ठय- ओ, औ
8. दन्तोष्ठय- व

10. **उस मूल ध्वनि को, जिसके खंड न हो सकें- उसे क्या कहते हैं?**

(a) शब्द (b) वर्ण

(c) प्रत्यय (d) कृदंत

**KVS TGT 2018**

**Ans. (b) :** उस मूल ध्वनि को, जिसके खंड न हो सके, उसे वर्ण कहते है। जैसे- अ, ई, क, च, व इत्यादि। वर्ण हमारे उच्चारित भाषा की सबसे छोटी इकाई है। हिन्दी में कुल 52 वर्ण हैं।

11. **निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन कौन-सा है ?**

(a) ड़ (b) ष

(c) श (d) क्ष

**KVS Principal 2016**

**Ans. (d) :** दो या दो से अधिक असमान व्यंजनों के मिलने से बनने वाले व्यंजन को संयुक्त व्यंजन कहते हैं। इसमें पहला व्यंजन स्वर रहित और दूसरा व्यंजन स्वर सहित अर्थात पूर्ण व्यंजन होता है। हिंदी वर्णमात्रा में संयुक्त व्यंजनों की संख्या चार होती है -

क् + ष - क्ष

त् + र - त्र

ज् + ञ - ज्ञ

श् + र - श्र

12. **'फ' वर्ण का उच्चारण स्थान बताइए।**

(a) मूर्धा (b) तालु

(c) कंठ (d) ओष्ठ

**KVS TGT NER 2017**

| **Ans. (d) : उच्चारण स्थान** | **वर्ण** |
|---|---|
| कंठ – | क, ख, ग, घ, ङ |
| तालु – | च, छ, ज, झ, ञ |
| दन्त्य – | त, थ, द, ध, न |
| मूर्धा – | ट, ठ, ड, ढ, ण |
| ओष्ठ – | प, फ, ब, भ, म |

13. **अनुनासिक व्यंजन कौन-से होते हैं?**

(a) वर्ग के प्रथमाक्षर

(b) वर्ग का तृतीयाक्षर

(c) वर्ग का चौथा व्यंजन

(d) वर्ग का पंचमाक्षर

**NVS TGT Physics 01/06/2014**

**Ans. (d) :** जिन व्यंजनो के उच्चारण में वायु मुख्य रूप से नाक से निकले उन्हें नासिक्य व्यंजन कहते है इसे अनुनासिक व्यंजन भी कहते हैं। यह प्रत्येक वर्ग का पाचवाँ वर्ण होता है। इनकी संख्या 5 है (ङ, ञ, ण, न, म)

14. **मूर्धन्य ध्वनियाँ कौन हैं?**

(a) च छ ज झ (b) ट ठ ड ढ

(c) त थ द ध (d) प फ ब भ म

**DSSSB-LDC (30-08-2015)**

**Ans. (b) :** दिये गये वर्णों में से 'ट, ठ, ड, ढ' मूर्धन्य ध्वनियाँ हैं। हिंदी वर्णमाला के वर्णों का विश्लेषण इस प्रकार है-

**कंठ्य ध्वनियाँ** –अ, आ, क, ख, ग, घ, ङ, ह, विसर्ग(:)

**तालव्य ध्वनियाँ** – इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य, श

**मूर्धन्य ध्वनियाँ** – ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष

**दंत्य ध्वनियाँ** – त, थ, द, ध, न, ल, स

**ओष्ठ्य ध्वनियाँ** – उ,ऊ, प, फ, ब, भ, म

**कंठतालव्य ध्वनियाँ** – ए, ऐ

**कंठोष्ठ्य ध्वनियाँ** – ओ, औ

**दंतोष्ठ्य ध्वनियाँ** – व

15. **हिन्दी वर्णमाला में 'घ' वर्ण ............ विभाग में आता है।**

(a) स्वर (b) व्यंजन

(c) अनुस्वर (d) संयुक्ताक्षर

**DSSSB-LIBRARIAN EXAM (31-08-2014)**

**Ans. (b)** हिन्दी वर्णमाला में 'घ' वर्ण व्यंजन विभाग के अंतर्गत आता है। स्वर की सहायता से बोले जाने वाले वर्ण 'व्यंजन' कहलाते हैं। प्रत्येक व्यंजन के उच्चारण में 'अ' स्वर मिला होता है। अ के बिना व्यंजन का उच्चारण संभव नहीं। परम्परागत रूप से व्यंजनों की संख्या 33 मानी जाती है। द्विगुण व्यंजन ड़, ढ़ आदि ध्वनियों को जोड़ देने पर इनकी संख्या 35 हो जाती है।

**16. महाप्राण किसे कहते हैं?**

(a) जिन वर्णों के उच्चारण में मुख से कम श्वास निकले
(b) जिन वर्णों के उच्चारण में मुख से अधिक श्वास निकले
(c) जिन शब्दों के उच्चारण में अधिक श्वास निकले
(d) जिन शब्दों के उच्चारण में कम श्वास निकले

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**
**KVS TGT Work Experience 2017**

**Ans. (b) :** जिन वर्णों के उच्चारण में मुख से अधिक श्वास निकले या जिन वर्णों के उच्चारण में 'हकार' (ह) की ध्वनि विशेष रूप से सुनाई दे (हर वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण तथा श, ष, स, ह) उन्हें महाप्राण कहते हैं।

**17. निम्न में से कौन-सा वर्ण अल्पप्राण को दर्शाता है?**

(a) झ (b) छ
(c) ण (d) फ

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (c) :** 'ण' वर्ण अल्पप्राण व्यंजन है। जिन व्यंजनों के उच्चारण में मुख से कम श्वास या अल्प श्वास निकले (हर वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवां वर्ण तथा य, र, ल, व) उन्हें अल्प प्राण कहते हैं।

**18. निम्न में से कौन-सा वर्ण महाप्राण को दर्शाता है?**

(a) ट (b) ड
(c) ण (d) ठ

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (d) :** दिए गए विकल्पों में से 'ठ' महाप्राण ध्वनि है जिन व्यंजनों के उच्चारण में मुख से अधिक श्वास निकले या जिन व्यंजनों के उच्चारण में हकार ('ह') की ध्वनि विशेष रूप से सुनाई दे (हर वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण श, स, ष, ह), महाप्राण वर्ण कहलाते हैं।

**19. अल्पप्राण किसे कहते हैं?**

(a) जिन वर्णों के उच्चारण में मुख से कम श्वास निकले
(b) जिन वर्णों के उच्चारण में मुख से अधिक श्वास निकले
(c) जिन शब्दों के उच्चारण में अधिक श्वास निकले
(d) जिन शब्दों के उच्चारण में कम श्वास निकले

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (a) :** जिन वर्णों के उच्चारण में मुख से कम श्वास निकले उन्हें अल्पप्राण व्यंजन कहते हैं।

**20. निम्न में से कौन-सा वर्ण अघोष व्यंजन है?**

(a) ग (b) झ
(c) च (d) भ

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (c) :** दिए गए विकल्पों में से 'च' वर्ण अघोष व्यंजन है जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कंपन न हो (प्रत्येक वर्ग का पहला और दूसरा व्यंजन तथा फ, श, ष, स) वे अघोष व्यंजन कहलाते हैं।

**21. निम्न में से कौन-सा वर्ण अघोष व्यंजन है?**

(a) ब (b) भ
(c) म (d) ट

**DSSSB- प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (d) :** 'ट' वर्ण अघोष व्यंजन है। जबकि ब, भ, म सघोष व्यंजन हैं।

**22. निम्न में से कौन-सा वर्ण घोष व्यंजन है?**

(a) ड (b) त
(c) थ (d) प

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (a) :** 'ड' वर्ण घोष व्यंजन है। जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कंपन हो (हर वर्ग का तीसरा, चौथा और पाँचवां व्यंजन तथा य, र, ल, व एवं सभी स्वर) सघोष व्यंजन कहलाते हैं। त, थ, प अघोष व्यंजन हैं। जिन वर्ण के उच्चारण में स्वर तंत्रिका कंपन नहीं होती है अघोष व्यंजन कहलाते हैं।

**23. निम्न में से कौन-स वर्ण अघोष व्यंजन है ?**

(a) छ (b) द
(c) ण (d) ल

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (a) :** 'छ' वर्ण अघोष व्यंजन है। जबकि द, ण, ल सघोष व्यंजन हैं।

**24. हिन्दी की देवनागरी लिपि में कुल कितने वर्ण है?**

(a) 52 (b) 51
(c) 45 (d) 42

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (a) :** देवनागरी लिपि भारत में प्रचलित लिपि है। इस शब्द का सबसे पहला उल्लेख 453 ई. में जैन ग्रंथों में मिलता है। इसमें कुल 52 अक्षर हैं। जिनमें 11 स्वर + 2 अयोगवाह + 33 मूल व्यंजन + 2 द्विगुण व्यंजन + 4 संयुक्त व्यंजन = 52 वर्ण हैं।

**25. हिन्दी की देवनागरी लिपि में कुल कितने स्वर हैं?**

(a) 10 (b) 12
(c) 11 (d) 9

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (c) :** हिन्दी की देवनागरी लिपि में कुल 11 स्वर हैं जो निम्नवत् है- अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

**26. हिन्दी की देवनागरी लिपि में कुल कितने अनुस्वार है?**

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (d) :** हिन्दी की देवनागरी लिपि में अनुस्वार की संख्या 1 है।

**27. हिन्दी की देवनागरी लिपि में कुल कितने विसर्ग हैं?**

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**DSSSB-प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा (31-05-2015)**

**Ans. (d) :** हिन्दी की देवनागरी लिपि में विसर्ग (:) की संख्या एक (1) है।

# 02.

# वर्तनी एवं वाक्य शुद्धि

**1. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य हैः**

(a) लड़कियाँ गीत गा रही थीं।
(b) चारों पुत्रों का नाम बताओ।
(c) हर एक ने टोपी पहनी हुई थी।
(d) मैंने हस्ताक्षर कर दिए।

**NVS TGT Librarian 30/11/2022**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त वाक्यों में अशुद्ध वाक्य निम्न है-
अशुद्ध- मैनें हस्ताक्षर कर दिए।
शुद्ध- मैनें हस्ताक्षर कर दिया।

**2. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द पंचमाक्षर के प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध है?**

(a) दंड (b) सम्वत्
(c) भंडार (d) संवाद

**NVS PGT 15/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पो में 'सम्वत्' शब्द पंचमाक्षर के प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'संवत्' होगा। अन्य शब्द पंचमाक्षर के प्रयोग की दृष्टि से शुद्ध है। हिन्दी में अनुनासिक वर्णो की संख्या पाँच है- ङ, ञ, ण, न तथा म। में पंचमाक्षर कहलाते है।

**3. निम्नलिखित में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :**

(a) जजमान (b) यमराज
(c) क्षत्रिय (d) उज्ज्वल

**NVS PGT 16/12/2022 (Shift-I)**
**NVS TGT 29/11/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त विकल्पों में जजमान शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी - यजमान होगा। अन्य शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**4. निम्नलिखित में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :**

(a) भूख (b) धोका
(c) अभीष्ट (d) धंधा

**NVS TGT 29/11/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में 'धोका' वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'धोखा' होगा। अन्य विकल्प शुद्ध है।

**5. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है :**

(a) वह खाना खा लिया क्योंकि भूखा था।
(b) तुम सारा दोष अपने सिर पर क्यों लेते हो ?
(c) तुम सारा दोष अपने सिर क्यों लेते हो ?
(d) तुम दोष सारा अपने सिर पर क्यों लेते हो ?

**NVS TGT 29/11/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्यो में, तुम सारा दोष अपने सिर क्यों लेते हो? वाक्य शुद्ध है। अन्य वाक्य अशुद्ध है।

**6. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य ज्ञात कीजिए।**

(a) जो व्यक्ति राष्ट्र के लिए मर मिट जाता है इसलिए वह राष्ट्रभक्त कहलाता है।
(b) राष्ट्र के लिए मर मिटने वाला व्यक्ति सच्चा राष्ट्रभक्त है।
(c) वह व्यक्ति सच्चा राष्ट्रभक्त है, जो राष्ट्र के लिए मर मिटे।
(d) जब व्यक्ति राष्ट्र के लिए मर मिट जाता है, तो वह सच्चा राष्ट्रभक्त कहलाता है।

**DSSSB PRT 16/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिए गए वाक्यों में सरल वाक्य होगा - ''राष्ट्र के लिए मर मिटने वाला व्यक्ति सच्चा राष्ट्रभक्त है।''
**सरल वाक्य -** जिस वाक्य में केवल एक ही विधेय होता है, उसे 'सरल वाक्य' कहते हैं।

**7. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

(a) आमवस्या (b) अमावश्या
(c) अमवश्या (d) अमावस्या

**DSSSB PRT 16/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी 'अमावस्या' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**8. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**

(a) आगतुंक (b) आगतुक
(c) आगंतुक (d) आगंतूक

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** निम्न विकल्पों में 'आगंतुक' शब्द की वर्तनी शुद्ध है, अन्य विकल्प की वर्तनी में अशुद्धि है।

**9. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो शुद्ध वाक्य का सही विकल्प है।**

(a) नहीं कमाए जीवन-निर्वाह संभव बिना।
(b) बे कमाए जीवन-निर्वाह संभव नहीं है।
(c) बिना कमाए जीवन-निर्वाह संभव नहीं है।
(d) बिना जीवन-निर्वाह कमाए संभव नहीं।

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** निम्न विकल्पों में शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा–
बिना कमाए जीवन-निर्वाह संभव नहीं है।

**10. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

(a) आहार (b) अहर
(c) आहर (d) अहार

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'आहार' होगा। अन्य शब्द अशुद्ध हैं।

11. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**

(a) अद्वितीय (b) अदितीय

(c) अद्वीतीय (d) अद्वीतय

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्प से अद्वितीय वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है अन्य विकल्प असंगत है।

12. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।**

(a) सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र को से ही संभव है।

(b) सभ्यता से विकास आदर्श चरित्र को संभव है।

(c) सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र से ही संभव है।

(d) सभ्यता को विकास आदर्श चरित्र से ही संभव है।

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (c) सबसे शुद्ध वाक्य है अन्य वाक्यों में व्याकरणिक अशुद्धिया है।

शुद्ध वाक्य–: सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र से ही संभव है।

13. **निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो शुद्ध वाक्य का सही विकल्प है।**

(a) मेको यह अच्छा नहीं लगता कि आहिस्ता बोला जाए।

(b) मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि आहिस्ता बोला जाए।

(c) मेरो यह अच्छा नहीं लगता कि आहिस्ता बोलू जाए।

(d) मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि आहिस्ता बोला जाए।

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिए गए विकल्प में शुद्ध वाक्य होगा - 'मुझे यह अच्छा नहीं लगता की आहिस्ता बोला जाए।

14. **निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**

(a) आभीष्ट (b) अभीष्ट

(c) अभिष्ठ (d) अभिष्ठ

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिए गए विकल्पों में 'शुद्ध' शब्द का सही विकल्प 'अभीष्ट' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

15. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**

(a) वीहंगम (b) शूची

(c) परिचारक (d) ग्रिहीन

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** निम्न विकल्पों में परिचारक शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्न है–

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|
| वीहंगम | विहंगम |
| शूची | सूची |
| ग्रिहीन | गृहिणी |

16. **निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो शुद्ध वाक्य का सही विकल्प है।**

(a) विनम्रता के बिना स्वतंत्रता पर कोई अर्थ नहीं।

(b) विनम्रता से बिना स्वतंत्रता पर कोई अर्थ नहीं।

(c) विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं।

(d) विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का सब अर्थ है।

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** ''विनम्रता के बिना स्वतन्त्रता का कोई अर्थ नहीं।'' शुद्ध वाक्य होगा जबकि अन्य वाक्य अशुद्ध हैं।

17. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य का सबसे अच्छा विकल्प है।**

(a) भारत भूमि हमका माता है और हम उसका पुत्र है।

(b) भारत भूमि हमारी माता है और हम उसके पुत्र है।

(c) भारत भूमि हमारा माता है और हम उसके पुत्र है।

(d) भारत भूमि हम सबका माता है और हम उसका पुत्र है।

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** निम्नलिखित प्रश्न में–

''भारत भूमि हमारी माता है और हम उसके पुत्र है।'' शुद्ध वाक्य का सबसे उपयुक्त विकल्प है।

अन्य विकल्प अशुद्ध वाक्य है।

18. **दिए गए शब्दों में अशुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

(a) स्थायित्व (b) निरोग

(c) स्वस्थ (d) एक्यता

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** दिए गए शब्दों में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द एक्यता है। अन्य विकल्प शुद्ध है। एक्यता की शुद्ध वर्तनी एकता होती है।

19. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) सोलन को चुप देख राजा ने पूछा, आपकी दृष्टि में सबसे सुखी व्यक्ति कौन है?

(b) सोलन को चुप देख राजा ने पूछा। आपकी दृष्टि में सबसे सुखी व्यक्ति कौन है?

(c) सोलन को चुप देख राजा ने पूछा, ''आपकी दृष्टि में सबसे सुखी व्यक्ति कौन है?''

(d) सोलन को चुप देख राजा ने पूछा आपकी दृष्टि में सबसे सुखी व्यक्ति कौन है?

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त दिये वाक्यों में विकल्प (c) में उपयुक्त विराम चिन्हों को प्रयोग किया गया है–

शुद्ध वाक्य– सोलन को चुप देख राजा ने पूछा, ''आपकी दृष्टि में सबसे सुखी व्यक्ति कौन है?''

20. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिन्ह युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) अरे वाह ... यह सुंदर चित्र किसने बनाया है?
(b) अरे वाह! यह सुंदर चित्र किसने बनाया है?
(c) अरे वाह यह सुंदर चित्र किसने बनाया है?
(d) अरे वाह यह सुंदर चित्र किसने बनाया है?

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** विराम चिन्ह युक्त सही वाक्य होगा - अरे वाह! यह सुंदर चित्र किसने बनाया है ?
नोट-विस्मय बोधक या आश्चर्य चिन्ह (!)
**विराम चिन्ह** - लिखने में रूकावट या विराम के स्थानों को जिन चिन्हों द्वारा प्रकट किया जाता है, उन्हे विराम - चिन्ह कहते हैं। इनके प्रयोग से वक्ता के अभिप्राय में अधिक स्पष्टता का बोध होता है।

**21. दिए गए शब्दों में शुद्धवर्तनी का चयन कीजिए।**
(a) नकद (b) नगद
(c) नागद (d) नाकद

**DSSSB PRT 23/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** दिए गए शब्दों में नकद शुद्धवर्तनी का शब्द है।
अन्य शब्द अशुद्ध हैं।

**22. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**
(a) दाम्माद (b) दामाद
(c) दमाद (d) दम्माद

**DSSSB PRT 20/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b)** दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी दामाद होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**23. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**
(a) जागृत (b) जागरत
(c) जग्रत (d) जाग्रत

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'जाग्रत' होगा।
अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**24. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**
(a) अन्जान (b) अंजान
(c) अनजान (d) अन्नजान

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी 'अनजान' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**25. निम्नलिखित वाक्यों में त्रुटि वाले वाक्य की पहचान कीजिए।**
(a) रामा घर को जाती है।
(b) राधा बाजार जाती है।
(c) राम घर जाता है।
(d) राधिका पुस्तक पढ़ रही है।

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** दिए गए वाक्य – 'रामा घर को जाती है' त्रुटि युक्त वाक्य है। अतः शुद्ध वाक्य होगा – रामा घर जाती हैं।

**26. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**
(a) असप्रस्यता (b) अस्पृष्यता
(c) अस्प्रश्यता (d) अस्पृश्यता

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** दिए गए विकल्प में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अस्पृश्यता' है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**27. मैं खाना खा लिया हूँ। वाक्य का शुद्ध रूप है:**
(a) खा मैंने खाना लिया है। (b) लिया है मैंने खाना खा।
(c) मैंने खाना खा लिया है। (d) खाना खा मैंने लिया है।

**NVS PGT 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** 'मैं खाना खा लिया हूँ' वाक्य का शुद्ध रूप "मैंने खाना खा लिया है"।

**28. आपने अभी मेरे साथ चलना है। वाक्य का शुद्ध रूप होगा:**
(a) आपको अभी मेरे साथ चलना है।
(b) मेरे साथ चलना आपको अभी है।
(c) अभी मेरे साथ चलना होता है।
(d) अभी मेरे आपको साथ चलना है।

**NVS PGT 13/06/2019**
**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** 'आपने अभी मेरे साथ चलना है' वाक्य में कर्ता संबंधी त्रुटि है। अतः शुद्ध वाक्य होगा- 'आपको अभी मेरे साथ चलना है।'

**29. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है:**
(a) लड़के ने अपना काम किया।
(b) वह हिंदी नहीं बोल सकी।
(c) मैं गीत सुना चुका हूँ।
(d) वह अपने घर गई हैं।

**NVS PGT 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** दिया गया अशुद्ध वाक्य है- वह अपने घर गई हैं।
अतः शुद्ध वाक्य होगा- वह अपने घर गई है।

**30. निम्नलिखित में से शुद्ध है :**
(a) द्विधा (b) उपलक्ष
(c) स्वातन्त्र (d) उच्छृंखल

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द – 'उच्छृंखल' होगा। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।
अन्य शब्दों के शुद्ध रूप-

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| उपलक्ष | - | उपलक्ष्य |
| स्वातन्त्र | - | स्वातन्त्र्य |
| द्विधा | - | द्विविधा |

**31. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?**
(a) जब वर्षा होगी तब देखा जाएगा।
(b) हम सब जा रहे हैं, आप भी चलोगे।
(c) इस बार फसल अच्छी होगी।
(d) बैठक का समय चार बजकर दस मिनट होगा।

**KVS PRT 22/12/2018 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्यों में 'हम सब जा रहे हैं, आप भी चलोगे' वाक्य में वचन सम्बन्धी अशुद्धि है। इसका शुद्ध वाक्य होगा- हम सब जा रहे है, आप भी चलेंगे। अन्य सभी वाक्य शुद्ध है।

**32. निम्नलिखित विकल्पों में सही वर्तनी वाले शब्द का चुनाव कीजिए–**

(a) उज्वल (b) उजवल
(c) उज्ज्वल (d) उज्जवल

**KVS PRT 22/12/2018 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिये गये शब्दों में 'उज्ज्वल' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है जबकि अन्य सभी अशुद्ध है।

**30. निम्नांकित में से किस शब्द की वर्तनी ठीक है? सही विकल्प चुनिए–**

(a) पारिचित (b) प्रचार
(c) परचार (d) परिचार

**KVS PRT 16/12/2017**
**KVS PRT N.E.R. 2017**

**Ans. (b) :** दिये गये शब्दों में से 'प्रचार' शब्द की वर्तनी शुद्ध है।

**33. दिए गए वाक्यों में से एक वाक्य अशुद्ध है। उस वाक्य की पहचान कीजिए:**

(a) कुन्दन सुन्दर लगती है।
(b) भारत की सेना विजित हुई।
(c) विभा मुझसे प्यार करती है।
(d) राकेश अच्छा लड़का है।

**KVS PRT 2016-2017**

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्यों में से 'कुन्दन सुन्दर लगती है' वाक्य अशुद्ध है क्योकि 'कुन्दन' पुल्लिंग शब्द है। इसके अनुसार क्रिया पुल्लिंग होगी। इसका शुद्ध वाक्य होगा - कुन्दन सुन्दर लगता है। अन्य सभी वाक्य शुद्ध है।

**34. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-से विकल्प की वर्तनी शुद्ध है?**

(a) अनुभूति (b) अनिभूति
(c) अनूभूति (d) अनभूति

**KVS PRT 2016-2017**

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में से 'अनुभूति' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य सभी विकल्प अशुद्ध है।

**35. इनमें से अशुद्ध वर्तनी का विकल्प चुनिए:**

(a) वैदेही (b) उज्जवल
(c) स्वयंवर (d) परीक्षा

**KVS PRT (Music) 2016**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में से 'उज्जवल' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'उज्ज्वल' होगा। अन्य विकल्प शुद्ध हैं।

**निर्देश (प्रश्न 36 और 37) : इन प्रश्नों में एक शब्द के लिए चार वर्तनी दी गई है, जिनमें से केवल एक शुद्ध है। उस शुद्ध वर्तनी वाले विकल्प का चयन कीजिए।**

**36.** (a) अभीव्यक्ति (b) अभिव्यक्ति
(c) अभिव्यक्ती (d) अभिवयक्ति

**KVS PRT 04/10/2015**

**Ans. (b) :** दिये गये शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से 'अभिव्यक्ति' शब्द शुद्ध है।

**37.** (a) अवसिष्ट (b) अवशिष्ट
(c) अवशीष्ट (d) अवषिश्ट

**KVS PRT 04/10/2015**

**Ans. (b) :** दिये गये शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से 'अवशिष्ट' शब्द शुद्ध है।

**निर्देश (प्रश्न 38 व 39 के लिए) : निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए-**

**38.** (a) समसामयिक (b) समसमायिक
(c) सामसामयिक (d) सम्साम्यिक

**KVS PRT 16/12/2013**

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में से 'समसामयिक' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**39.** (a) गोप्यनीय (b) गोपनिय
(c) गोपनीय (d) गोप्यनिय

**KVS PRT 16/12/2013**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में से 'गोपनीय' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**40. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–**

(a) अभिशेक (b) अभीशेक
(c) अभिसेक (d) अभिषेक

**KVS PRT 13/02/2011**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अभिषेक' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**41. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–**

(a) ग्रहणी (b) गृहीणी
(c) गृहिणी (d) ग्रहिणी

**KVS PRT 13/02/2011**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'गृहिणी' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**42. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है–**

(a) भक्तों की सेना जा रही थी
(b) भक्तों की मंडली जा रही थी
(c) भक्तों की टुकड़ी जा रही थी
(d) भक्तों की भीड़ जा रही थी

**KVS PRT 13/02/2011**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वाक्य 'भक्तो की मंडली जा रही थीं' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं

**43. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–**

(a) बकरी को काटकर चारा खिलाओ
(b) बच्चे को काटकर फल खिलाओ
(c) मुझे अनेकों बार सफलता मिली
(d) कृतज्ञा ने पढ़ाई पूरी कर ली

**KVS PRT 13/02/2011**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वाक्य होगा- कृतज्ञा ने पढ़ाई पूरी कर ली। अन्य विकल्प के शुद्ध वाक्य

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| बकरी को काटकर चारा खिलाओं | बकरी को चारा काटकर खिलाओं |
| बच्चे को काटकर फल खिलाओ | बच्चे को फल काटकर खिलाओं |
| मुझे अनेकों बार सफलता मिली | मुझे अनेक बार सफलता मिली। |

**44. निम्नलिखि विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चुनाव कीजिएः**

(a) सरवन (b) सर्वण
(c) श्रवण (d) शवर्ण

**KVS PGT NER (Common) 21/12/2017**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में से 'श्रवण' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**45. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य चुनिएः**

(a) मेरे को भूख है। (b) कल घर आऊँगा।
(c) राजा जरूर मरेगी। (d) वह बोले।

**KVS PGT NER (Common) 21/12/2017**

**Ans. (b) :** दिये गये वाक्यों में से 'कल घर आऊँगा' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य इस प्रकार शुद्ध होगें।

- मुझे भूख है।
- राजा जरूर मरेगा।
- वह बोला।

**46. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :**

(a) लड़कियों ने अच्छे गीत गाए।
(b) लड़किओं ने अच्छे गीत गाए।
(c) लड़कियों ने अच्छा गीत गाए।
(d) लड़की ने अच्छा गीत गाए।

**KVS TGT Work Experience 2017**

**Ans. (a) :** शुद्ध वाक्य है- 'लड़कियों ने अच्छे गीत गाए।'

**47. निम्नलिखित विकल्पों में से शब्द के शुद्ध रूप का चुनाव कीजिए :**

(a) राशि (b) राषि
(c) राषी (d) राशी

**KVS TGT Work Experience 2017**

**Ans. (a) :** विकल्प में दिए गए शब्दों में से शुद्ध शब्द 'राशि' है।

**निर्देश (प्रश्न 48 से 49 के लिए) निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए-**

**48.** (a) इतिहासिक (b) एतिहासिक
(c) ईतीहासिक (d) ऐतिहासिक

**KVS TGT 2014**

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'ऐतिहासिक' है।

**49.** (a) अंताकरण (b) अंतःकरण
(c) अन्तकर्ण (d) अन्तःकर्ण

**KVS TGT 2014**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में से 'अन्तःकरण' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।

**निर्देश (प्रश्न 50-51): इन प्रश्नों में एक शब्द की वर्तनी के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।**

**50.** (a) लीपी (b) लीपि
(c) लिपि (d) लिपी

**KVS LDC 2015**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में से 'लिपि' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**51.** (a) वरचस्व (b) वर्चस्व
(c) व्रचस्व (d) वर्चश्व

**KVS LDC 2015**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में से 'वर्चस्व' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**52. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द हैः**

(a) आशिर्वाद (b) आर्शीवाद
(c) आशीरवाद (d) आशीर्वाद

**KVS TGT Work Experience 2018**

**Ans. (d) :** प्रश्नगत विकल्पों में 'आशीर्वाद' शुद्ध शब्द है। जब 'र' (रेफ) किसी अक्षर के ऊपर लगा हो तो वह उस अक्षर से पहले पढ़ा जाता है।

**53. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :**

(a) हेमा मुझसे प्यार करती है।
(b) गीता अच्छी पुस्तक है।
(c) संजय देखने में सुन्दर लगता है।
(d) मैंने आपके लिए शहर के अच्छी होटल से खाना मँगवाया है।

**KVS TGT 2016**

**Ans. (d) :** दिये गये वाक्यों में से 'मैने आपके लिए शहर के अच्छी होटल से खाना मँगवाया है' अशुद्ध वाक्य है, यहाँ वाक्य में 'अच्छी' की जगह 'अच्छे' शब्द उपयुक्त होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा- मैंने आपके लिए शहर के अच्छे होटल से खाना मँगवाया है। अन्य वाक्य शुद्ध है।

**54. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए :**

(a) उजज्वल (b) उज्जवल
(c) उज्वल (d) उज्ज्वल

**KVS TGT 2016**

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में से 'उज्ज्वल' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य सभी अशुद्ध है।

**निर्देश (प्रश्न 55-57) : दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी शब्द छाँटिए :**

**55.** (a) शंशय (b) संश्य
(c) सन्शय (d) संशय

**KVS PGT Computer Science 11/12/2017**

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में से 'संशय' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**56.** (a) दृष्य (b) दृश्य
(c) द्रिष्य (d) दृश

**KVS PGT Computer Science 11/12/2017**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में से 'दृश्य' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है । अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**57.** (a) उद्योगिक (b) औद्योगिक
(c) उद्यौगिक (d) ओधोगिक

**KVS PGT Computer Science 11/12/2017**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में से 'औद्योगिक' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**58. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए :**
(a) सन्यास (b) संन्यास
(c) संयास (d) सनयास

**KVS Principal 2016**

**Ans. (b) :** प्रश्नगत विकल्पों में शुद्ध शब्द 'संन्यास' है। अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है।

**59. 'वीरेन्द्र पक्का सरकार का समर्थन है।' इस वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है ?**
(a) 'पदक्रम सम्बन्धी अशुद्धि
(b) विशेषण सम्बन्धी अशुद्धि
(c) क्रिया सम्बन्धी अशुद्धि
(d) संज्ञा सम्बन्धी अशुद्धि

**KVS Principal 2016**

**Ans. (a) :** वीरेन्द्र पक्का सरकार का समर्थन है। वाक्य में पदक्रम संबंधित अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप होगा-
वीरेन्द्र सरकार का पक्का समर्थक है।

**60. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिएः**
(a) लड़की दौड़ती है। (b) शहर अच्छा है।
(c) बादशाह खाँसती है। (d) होटल ठीक है।

**KVS TGT NER 2017**

**Ans. (c) :** दिये गये वाक्यों में से 'बादशाह खाँसती है' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध रूप होगा- बादशाह खाँसता है। अन्य वाक्य शुद्ध हैं।

**61. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिएः**
(a) महीना (b) अनुगृह
(c) क्रिया (d) सप्ताह

**KVS TGT NER 2017**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में से 'अनुगृह' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'अनुग्रह' होगा। अन्य विकल्प शुद्ध है।

**62. निम्नलिखित में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैः**
(a) सीधा-सादा (b) दक्किन
(c) मिष्टान्न (d) कनिष्ट

**NVS PGT 16/12/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त विकल्पों में सीधा-सादा शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य विकल्पों की शुद्ध वर्तनी निम्न है-

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| दक्किन | - | दक्षिण |
| मिष्टान्न | - | मिष्ठान्न |
| कनिष्ट | - | कनिष्ठ |

**63. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है?**
(a) संन्यासी (b) सनयासी
(c) सन्यासी (d) संनयासी

**NVS TGT Physics 01/06/2014**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त विकल्पों मे संन्यासी शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**64. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?**
(a) मैं गाने की कसरत करता हूँ।
(b) मैं गाने का शौक कर रहा हूँ।
(c) मैं गाने का अभ्यास कर रहा हूँ।
(d) मैं गाने का व्यायाम कर रहा हूँ।

**NVS TGT Physics 01/06/2014**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध वाक्य निम्न है-
मैं गाने का अभ्यास कर रहा हूँ।
अन्य विकल्प अशुद्ध है।

**65. अशुद्ध वर्तनी विकल्प कौन-सा है?**
(a) उज्जवल (b) संन्यासी
(c) स्वयंवर (d) सज्जन

**KVS TGT (Social Studies) 2013**

**Ans. (a) :** उज्जवल शब्द अशुद्ध है। जिसका शुद्ध उज्ज्वल होगा। अन्य विकल्प संन्यासी स्वयंवर तथा सज्जन शुद्ध रूप हैं।

**66. असंगत वाक्य छांटिए :**
(a) जिस समास में पहला पद प्रायः प्रधान होता है उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं।
(b) जिस समास में दूसरा पद प्रायः प्रधान होता है उसे तत्पुरुष समास कहते हैं।
(c) जिसमें कोई भी पद प्रधान नहीं होता उसे द्वन्द्व समास कहते हैं।
(d) जिस समस्त पद में कोई पद प्रधान नहीं होता तथा दोनों मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं उसे बहुब्रीहि समास कहते हैं।

**KVS TGT (Social Studies) 2013**

**Ans. (c) :** जिसमें कोई भी पद प्रधान नहीं होता उसे द्वन्द्व समास कहते हैं। असंगत वाक्य है। द्वन्द्व समास में दोनों पद प्रधान होते है। जैसे-सीता-राम, राम-लक्ष्मण, राधा-कृष्ण आदि।

**67. निम्नलिखित मे शुद्ध शब्द नहीं हैः**
(a) यमराज (b) माहात्म्य
(c) चिह्न (d) स्वास्थ

**NVS PGT 15/12/2022**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में यमराज, माहात्म्य तथा चिह्न की वर्तनी शुद्ध है जबकि स्वास्थ शब्द की शुद्ध वर्तनी स्वास्थ्य होगी। स्वास्थ्य का अर्थ निरोगता और आरोग्य होता है।

**68. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द नहीं है :**
(a) वनस्पति (b) वाणी
(c) वाह्य (d) बाण

**NVS TGT 28/11/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** 'वाह्य' शुद्ध शब्द नहीं है। इसका शुद्ध शब्द बाह्य होगा। शेष सभी शब्द शुद्ध हैं।

**69. निम्नलिखित में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :**
(a) कनिष्ट (b) झूठ
(c) मिष्ठान्न (d) दक्षिण

**NVS TGT 28/11/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** 'कनिष्ट' शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है। इसका शुद्ध वर्तनी 'कनिष्ठ' होगा। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

**70. इनमें सही विन्यास का शब्द है-**
(a) अध्यन (b) अद्ययन
(c) अध्ययन (d) अध्यान

**DSSSB-TGT (28-12-2014)**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में से उचित विन्यास का शब्द है 'अध्ययन'। शेष शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है।

**71. अशुद्ध वर्तनी विकल्प कौन-सा है?**
(a) उज्जवल (b) संन्यासी
(c) स्वयंवर (d) सज्जन

**NVS-TGT (2013)**

**Ans. (a)** 'उज्जवल' अशुद्ध वर्तनी शब्द है, इसका शुद्ध रूप 'उज्ज्वल' है। 'संन्यासी', 'स्वयंवर' तथा 'सज्जन' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**72.** (a) जीवनपर्यन्त (b) जीवनोपर्यान्त
(c) जिवनप्रयन्त (d) जीवनप्रयन्त

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (a)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'जीवनपर्यन्त' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है।

**73.** (a) वीस्तार (b) विसतार
(c) विस्तार (d) व्यस्तार

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों में 'विस्तार' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है।

**74.** (a) आजीवका (b) आन्दोलन
(c) आवर्ती (d) इक्ष्वाकु

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (a)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'आजीवका' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है जिसका शुद्ध रूप 'आजीविका' है। अन्य शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**75.** (a) आकांक्षा (b) घनीभूत
(c) एकधिकारी (d) उदयाचल

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (c)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'एकधिकारी' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है जिसका शुद्ध रूप 'एकाधिकारी' है। अन्य शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**76. इनमें सही विन्यास का शब्द है-**
(a) उपस्तीत (b) उपस्तित
(c) अनुपस्तीत (d) उपस्थित

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (d)** दिये गये विकल्पों में से 'उपस्थित' शुद्ध अक्षर विन्यास का शब्द है। शेष विकल्प अशुद्ध वर्तनी के शब्द हैं।

**77.** (a) विश्वास (b) विस्वास
(c) विशवास (d) विसवास

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (a) :** दिए गए विकल्पों में से 'विश्वास' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है, शेष शब्द अशुद्ध हैं।

**78.** (a) अनुशरण (b) अनुसरण
(c) अनूशरण (d) आनुशरण

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (b) :** प्रस्तुत विकल्पों में से 'अनुसरण' शुद्ध अक्षर विन्यास का शब्द है। शेष विकल्प अशुद्ध वर्तनी के उदाहरण है।

**79.** (a) अध्यन (b) अध्यायन
(c) अध्ययन (d) अध्यान

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (c) :** दिए गए विकल्पों में से 'अध्ययन' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है, शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

**80.** (a) रामायण (b) रमायन
(c) रामायन (d) रामयन

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (a) :** दिए गए विकल्पों में से 'रामायण' शेष सभी विकल्प अक्षर विन्यास की दृष्टि से शुद्ध हैं। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**81. शुद्ध वर्तनी का चयन करें–**
(a) हस्तालंबन (b) हस्तलंबन
(c) हस्तावलंबन (d) हश्तावलंबन

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों में से 'हस्तावलंबन' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

**82. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**
(a) दर्शनाभिलासी (b) दर्शनाभिलाषी
(c) दर्शनभिलाशी (d) दार्शनाभिलासी

**DSSSB-LDC (30-08-2015)**

**Ans. (b)** दिये गये विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'दर्शनाभिलाषी' है।

**83. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**
(a) अतिश्योक्ति (b) अतिशयोक्ति
(c) अतिश्योक्ती (d) अतिष्योक्ति

**DSSSB-LDC (30-08-2015)**

**Ans. (b)** दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अतिशयोक्ति' है।

**84. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) यज्ञाग्नि (b) मंदाग्नि
(c) शतघ्नी (d) कृतहिन

**DSSSB-LDC (30-08-2015)**

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'कृतहिन' है, इसका शुद्ध रूप 'कृतघ्न' होगा। शेष शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**85. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) विशिष्ठाद्वैत (b) विशुद्धि
(c) विशेषार्थक (d) विश्लिष्ट

**DSSSB-LDC (30-08-2015)**

**Ans. (a) :** प्रश्नगत विकल्पों में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'विशिष्ठाद्वैत' है, इसका शुद्ध रूप 'विशिष्टाद्वैत' है। शेष शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**86. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी है -**

(a) वनस्पती (b) संस्करण
(c) सर्म्पण (d) ग्रहीणी

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

**Ans : (b)** दिए गए शब्दों में से 'संस्करण' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष विकल्प के शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं–

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| वनस्पती | वनस्पति |
| सर्म्पण | समर्पण |
| गृहीणी | गृहिणी |

**87.** (a) कुरक्षेत्र (b) ब्यवस्था
(c) संभ्रान्त (d) नीती

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

**Ans : (c)** 'संभ्रान्त' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।
शेष विकल्प के शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं–

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| ब्यवस्था | व्यवस्था |
| नीती | नीति |
| कुरक्षेत्र | कुरुक्षेत्र |

**88.** (a) चिरंजीवी (b) सकूचाहट
(c) शीथिलता (d) सूक्ष्म

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

**Ans : (*)** दिए गए विकल्पों में से 'चिरंजीवी' तथा 'सूक्ष्म' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**89.** (a) कुँआरी (b) कारबार
(c) टीप्पणि (d) विलक्षण

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

**Ans : (d)** दिए गए विकल्पों में से 'विलक्षण' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष विकल्प के शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं–

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| कुआँरी | कुवाँरी |
| कारबार | कारोबार |
| टीप्पणि | टिप्पणी |

**90.** (a) परीवेश (b) अवकास
(c) अंगीकार (d) सूदर्शन

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

**Ans : (c)** 'अंगीकार' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।
शेष विकल्प के शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं–

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| परीवेश | परिवेश |
| अवकास | अवकाश |
| सूदर्शन | सुदर्शन |

**91.** (a) ज्योतसना (b) ज्योत्सना
(c) ज्योतिसना (d) जोत्सना

**DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)**

**Ans. (*) :** 'ज्योत्स्ना' सर्वाधिक शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। प्रश्नानुसार, दिये गये सभी विकल्प अशुद्ध है।

**92.** (a) नछत्र (b) नच्छत्र
(c) नक्षत्र (d) नक्षत्तर

**DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में से 'नक्षत्र' सर्वाधिक शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द अशुद्ध वर्तनी वाले हैं।

**93. इसमें शुद्ध शब्द है :**

(a) कनिष्ठ (b) कानीष्ठ
(c) कनिष्ट (d) कानीष्ट

**DSSSB-LIBRARIAN EXAM (31-08-2014)**

**Ans. (a)** दिए गए विकल्पों में से 'कनिष्ठ' शुद्ध शब्द है, शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**94. इनमें शुद्ध शब्द को चुनकर लिखिये–**

(a) कवियत्री (b) कवयित्री
(c) कवियित्री (d) कवयत्री

**DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)**

**Ans : (b)** दिए गए विकल्पों में से 'कवयित्री' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

**95. 'पिताम्बर' शब्द का शुद्ध रूप :**

(a) पीताम्बर (b) पितम्बर
(c) पितम्भर (d) पिथम्बर

**DSSSB- मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)**

**Ans. (a)** 'पिताम्बर' का शुद्ध रूप 'पीताम्बर' होगा। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

**96. इनमें सही अक्षर विन्यास का शब्द है-**

(a) अध्यापक (b) अद्यापक
(c) अदयापक (d) अद्यापका

**DSSSB-PGT (30-11-2014)**

Ans. (a) दिये गये विकल्पों में से शुद्ध अक्षर विन्यास का शब्द है- 'अध्यापक'। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है।

**97. इनमें से सही विन्यास शब्द लिखिए।**

(a) विद्यार्थी (b) विध्यार्थी
(c) विद्यार्थि (d) विध्यार्थि

**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

Ans. (a) दिये गये विकल्पों में से 'विद्यार्थी' शब्द सही विन्यास वाला शब्द है।

**प्रश्न संख्या 98 से 107 तक दिए गए वाक्यों में से शुद्ध वाक्य वाला विकल्प चुनिए:**

**98.** (a) हमने पिताजी से मिलना है
(b) हमने पिजाजी को मिलना है।
(c) हमें पिताजी से मिलना है।
(d) हमें पिजाजी में मिलना है।

**NVS (2016)**

Ans. (c) : दिए गए वाक्यों में से 'हमें पिताजी से मिलना है' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

**99.** (a) होटल के बाहर साफ-साफ लिखा था।
(b) होटल को बाहर साफ-साफ लिखा था।
(c) होटल पर बाहर साफ-साफ लिखा था।
(d) होटल में बाहर साफ-साफ लिखा था।

**NVS (2016)**

Ans. (a) : दिए गए वाक्यों में से 'होटल के बाहर साफ-साफ लिखा था' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

**100.** (a) वाच्य परिवर्तन के कुल तीन-तीन नियम हैं।
(b) वाच्य परिवर्तन के कुल तीन नियम हैं।
(c) वाच्य परिवर्तन के कुल तीनों नियम हैं।
(d) वाच्य परिवर्तन के कुल तीनों तीन नियम हैं।

**NVS (2016)**

Ans. (b) : दिए गए वाक्यों में से 'वाच्य परिवर्तन के कुल तीन नियम हैं।' शुद्ध वाक्य हैं। शेष वाक्य अशुद्ध, हैं।

**101.** (a) देनदारी घटेगी तो ब्याज भी घटेगी।
(b) देनदारी घटेगा तो ब्याज भी घटेगा।
(c) देनदारी घटेगी तो ब्याज भी घटेगा।
(d) देनदारी घटेगा तो ब्याज भी घटेगी।

**NVS (2016)**

Ans. (c) : दिए गए वाक्यों में से 'देनदारी घटेगी तो ब्याज भी घटेगा' शुद्ध है, शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

**102.** (a) जब आप मुंबई जाएँ तो मुझे भी ले चलें।
(b) जब आप मुंबई जाओं तो मैं भी चलूँगा।
(c) जब आप मुंबई जाइए तो मुझे भी ले चलो।
(d) जब आप मुंबई जाइए तो हमें भी चलाइए।

**NVS (2016)**

Ans. (a) : दिए गए वाक्यों में से 'जब आप मुंबई जाएँ तो मुझे भी ले चलें' शुद्ध है, शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

**103.** (a) छुट्टी होती ही दफ्तरों में ताला लग गया।
(b) छुट्टी होते ही दफ्तरों में ताले लग गए।
(c) छुट्टी होते ही दफ्तरों में सब ताले लग गए।
(d) छुट्टी होते ही सब दफ्तरों में ताला लग गया।

**NVS (2016)**

Ans. (b) : दिए गए वाक्यों में से 'छुट्टी होते ही दफ्तरों में ताले लग गए' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

**104.** (a) दोनों नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम बहती हैं।
(b) नर्मदा और ताप्ती पूर्व और पश्चिम बहती हैं।
(c) नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम बहती हैं।
(d) नर्मदा और ताप्ती दोनों पूर्व-पश्चिम चलती हैं।

**NVS (2016)**

Ans. (c) : दिए गए वाक्यों में से 'नर्मदा और ताप्ती पूर्व से पश्चिम बहती हैं' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

**105.** (a) दोनों आतंकवाद संलिप्तता में पाए गए हैं।
(b) दोनों की आतंकवाद में संलिप्तता पाई गई है।
(c) दोनों आतंकी की आतंकवाद में संलिप्तता पाई गई है।
(d) दोनों आतंकवादी संलिप्तता में पाए गए हैं।

**NVS (2016)**

Ans. (b) : दिए गए वाक्यों में से 'दोनों की आतंकवाद में संलिप्तता पाई गई है' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

**106.** (a) यदि आप आते तो आपको मालूम होता था।
(b) यदि आप आते तो आपको मालूम होता होगा।
(c) यदि आप आते तो आपको मालूम होता है।
(d) यदि आप आते तो आपको मालूम होता।

**NVS (2016)**

Ans. (d) : दिए गए वाक्यों में से 'यदि आप आते तो आपको मालूम होता' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

**107.** (a) कार्यशाला समाप्त हो गई तो मैं आऊँ।
(b) कार्यशाला सम्पन्न हो जाए तो मैं आऊँगा।
(c) कार्यशाला पूरा हो गया तो मैं आऊँगा।
(d) कार्यशाला समाप्त हो जाता तो मैं आता था।

**NVS (2016)**

Ans. (b) : दिए गए वाक्यों में से 'कार्यशाला सम्पन्न हो जाए तो मैं आऊँगा' शुद्ध वाक्य है, शेष अशुद्ध वाक्य हैं।

**108. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?**

(a) हम सब जा रहे हैं, आप भी चलोगे?
(b) बैठक का समय चार बजकर दस मिनट होगा।
(c) इस बार फसल अच्छी होगी।
(d) जब वर्षा होगी तब देखा जाएगा।

**KVS-PRT (22-12-2018**

Ans. (b) : उपर्युक्त वाक्यों में से वाक्य 'बैठक का समय चार बजकर दस मिनट होगा' अशुद्ध वाक्य है, शेष सभी वाक्य शुद्ध हैं।

**निम्नलिखित वाक्यों (109-118 तक) में से सही विकल्प का चयन कीजिए :**

**109.** (a) उसे मृत्युदंड मिला है।
(b) उसे मृत्यु को सज़ा मिली है।
(c) उसे तत्काल मौत को सज़ा मिली है।
(d) उसे मृत्यु का दंड मिला है।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (a)** दिए गए वाक्यों में से 'उसे मृत्युदण्ड मिला है' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी अशुद्ध हैं।

**110.** (a) गाय का सुद्ध दूध यहाँ मिलता है।
(b) यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।
(c) शुद्ध गाय का यहाँ दूध मिलता है।
(d) यहाँ मिलता है गाय का दूध शुद्ध।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (b)** दिए गए वाक्यों में से 'यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

**111.** (a) उनके पास कोई भी सामान खाने के लिए नहीं है।
(b) कोई भी खाने का सामान उनके पास नहीं है।
(c) उनके पास खाने का कुछ भी सामान नहीं है।
(d) सामान नहीं है कोई भी उनके पास खाने का।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (b)** दिए गए वाक्यों में से 'कोई भी खाने का सामान उनके पास नहीं है' शुद्ध है। शेष सभी 'वाक्य' अशुद्ध हैं।

**112.** (a) मेरे पिताजी के चित्र पर गुलाब की एक माला टँगी है।
(b) एक गुलाब की माला मेरे पिताजी के चित्र पर टँगी है।
(c) एक गुलाब की माला टँगी है मेरे पिताजी के चित्र पर।
(d) एक गुलाब की माला चित्र पर टँगी है मेरे पिताजी के।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (a)** दिए गए वाक्यों में से 'मेरे पिताजी के चित्र पर गुलाब की एक माला टँगी है' शुद्ध है। शेष वाक्य अशुद्ध वाक्य हैं।

**113.** (a) एक फूल की माला लाओ।
(b) फूलों की एक माला लाओ।
(c) एक माला फूलों की लाओ।
(d) फूल को माला एक लाओ।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (b)** दिए गए वाक्यों में से 'फूलों की एक माला लाओ' शुद्ध है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

**114.** (a) उधार लेने वाले प्राय: ऋणदाता से मुँह हटाने लगते हैं।
(b) उधार लेने वाले प्राय: ऋणदाता से मुँह चुराने लगते हैं।
(c) उधार लेनेवाले प्राय: ऋणदाता से मुँह बनाने लगते हैं।
(d) उधार लेने वाले प्राय: ऋणदाता से हटाने लगते हैं।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (b)** दिए गए वाक्यों में से 'उधार लेने वाले प्राय: ऋणदाता से मुँह चुराने लगते हैं' शुद्ध हैं। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

**115.** (a) देश पंडित नेहरू का सदा आभारी रहेगा।
(b) पंडित नेहरू का आभारी रहेगा सदा देश।
(c) पंडित नेहरू का देश रहेगा आभारी सदा।
(d) देश सदा आभारी रहेगा पंडित नेहरू का।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (a)** दिए गए वाक्यों में से 'देश पंडित नेहरू का सदा आभारी रहेगा' शुद्ध वाक्य है शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

**116.** (a) भारत में कई दर्शनीय स्थल योग्य हैं।
(b) भारत में कई स्थल दर्शनीय हैं।
(c) भारत में कई दर्शनीय स्थल हैं।
(d) देखने योग्य स्थल भारत में कई हैं।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (c)** दिए गए वाक्यों में से 'भारत में कई दर्शनीय स्थल हैं' शुद्ध वाक्य है, शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

**117.** (a) बाढ़ के प्रकोप से लोग तबाह हो गए।
(b) बाढ़ के प्रकोप से अनेक लोग तबाह हो गए।
(c) अनेक लोग तबाह हो गए बाढ़ के प्रकोप से।
(d) बाढ़ अनेकों लोगों को तबाह करती है।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (b)** दिए गए वाक्यों में से 'बाढ़ के प्रकोप से अनेक लोग तबाह हो गए' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

**118.** (a) आप नौ बजे के करीब आए होंगे।
(b) आप लगभग नौ बजे आए होंगे।
(c) आप लगभग नौ बजे आए हैं।
(d) करीब-करीब नौ बजे आप आए हैं।

**NVS-TGT/PGT (2016)**

**Ans. (c) :** दिए गए वाक्यों में से 'आप लगभग नौ बजे आए हैं', शुद्ध है। शेष वाक्य अशुद्ध हैं।

**निर्देश (119-122) : व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य को चुनकर लिखिए।**

**119.** (a) मेरी सहेली का नाम गीता है।
(b) मेरी सहेली नाम गीता है।
(c) मेरे सहेली नाम गीता है।
(d) मेरे सहेली के नाम गीता है।

**DSSSB-TGT (28-12-2014)**

**Ans. (a) :** प्रश्नगत विकल्पों में से व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'मेरी सहेली का नाम गीता है' होगा।

**120.** (a) सरला फल खायी
(b) सरला फल खाये
(c) सरला ने फल खाया
(d) सरला फल खाया

**DSSSB-TGT (28-12-2014)**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में से व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'सरला ने फल खाया' होगा।

**121.** (a) राम ने मारीच को वर देता था।
(b) राम ने मारीच को वर दिया।
(c) राम मारीच को वर दिया।
(d) राम मारीच को वर दी।

**DSSSB-TGT (28-12-2014)**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पो में से व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'राम ने मारीच को वर दिया' होगा।

122. (a) रानी आम खायी। (b) रानी ने आम खाया।
(c) रानी आम खाती। (d) रानी आम खाता।

**DSSSB-TGT (28-12-2014)**

**Ans. (b) :** प्रश्नगत विकल्पों में से 'रानी ने आम खाया' व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य है।

**निर्देश (123–126) : एक वाक्य को तीन भागों में विभक्त किया गया है जिसमें से एक भाग में त्रुटि हो सकती है। यदि त्रुटि है, तो उस भाग का चयन करें। यदि नही है, तो (D) को चुनें।**

123. (a) कमल को (b) एक और लड़का
(c) हुआ है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (a)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में 'कमल को' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'को' के स्थान पर 'के' का प्रयोग होना चाहिए। अत: सम्यक वाक्य विन्यास है– कमल के एक और लड़का हुआ है।

124. (a) बुरा से बुरा आदमी (b) भी सम्मान
(c) चाहता है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (a)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'बुरा से बुरा आदमी' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'बुरा' के स्थान पर 'बुरे' का प्रयोग होना चाहिए। अत: सम्यक् वाक्य विन्यास है– बुरे से बुरा आदमी भी सम्मान चाहता है।

125. (a) पूरे समय तक (b) उसकी निगाह
(c) मेरे ओर ही थी (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (a)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'पूरे समय तक' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'तक' का प्रयोग अनुचित है, अत: सही वाक्य विन्यास है– 'पूरे समय उसकी निगाह मेरी ओर ही थी।'

126. (a) यदि तुम नहीं जा सकते तो (b) किसी और दूसरे
(c) आदमी को भेज दो (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (b)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'किसी और दूसरे' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'और' के साथ 'दूसरे' का प्रयोग अनुचित है, अत: वाक्य विन्यास इस प्रकार होना चाहिए:– यदि तुम नहीं जा सकते तो किसी और आदमी को भेज दो।

127. **किस वाक्य में अशुद्धि है?**
(a) पापा आप कब आएगा
(b) उसका बाल काला है
(c) देश की जनता बहरी नहीं है
(d) आपके तो दर्शन ही दुर्लभ है

**DSSSB-वेलफेयर ऑफिसर परीक्षा (22-06-2014)**

**Ans : (*)** दिए गए विकल्पों में दो वाक्य 'पापा आप कब आएगा' तथा 'उसका बाल काला है' अशुद्ध है जिनके शुद्ध रूप होंगे – पापा आप कब आएंगे तथा उसके बाल काले हैं।'

**निर्देश (128-132) : निम्नलिखित प्रश्नों में शुद्ध वाक्य चुनें।**

128. (a) हत्यारे को मृत्युदण्ड की सजा मिली।
(b) हत्यारे को मृत्युदण्ड की सजा प्राप्त हुई।
(c) हत्यारा मृत्युदण्ड की सजा को प्राप्त हुआ
(d) हत्यारे को मृत्युदण्ड मिला

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

**Ans : (d)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'हत्यारे को मृत्युदण्ड मिला' शुद्धतम वाक्य है। 'दण्ड एवं 'सजा' समानार्थी है। इत: शेष त्रुटिपूर्ण हैं।

129. (a) शब्द संकेत मात्र हैं
(b) शब्द केवल संकेत मात्र हैं
(c) शब्द केवल एकमात्र संकेत हैं
(d) केवल संकेत मात्र हैं– शब्द

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

**Ans : (a)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'शब्द संकेत मात्र है' शुद्ध वाक्य है। 'मात्र' एवं 'केवल' समानार्थी है।

130. (a) ऐसी एकाध बातें और देखने में आती हैं।
(b) ऐसी एकाध बातें और सुनने में आती हैं
(c) ऐसी एकाध बात और सुनने में आती है
(d) ऐसी एकाध बातें और जानकारी में आती हैं

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

**Ans : (c)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'ऐसी एकाध बात और सुनने में आती हैं' शुद्ध वाक्य है। 'एकाध' के साथ एकवचन का विशेष्य प्रयुक्त होगा।

131. (a) दुर्घटना स्थल पर भारी–भरकम भीड़ जमा थी
(b) दुर्घटना स्थल पर बहुत भारी भीड़ जमा थी
(c) दुर्घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा थी
(d) दुर्घटना स्थल पर बहुत भारी भीड़ जमा थी

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

**Ans : (c)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'दुर्घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा थी' शुद्ध वाक्य है।

132. (a) बिजली जाने पर सब लोग छत के उपर चले गए
(b) बिजली जाने से सब लोग छत पर चले गए
(c) बिजली जाने से सब लोग छत के ऊपर चले गए
(d) बिजली जाने पर सब लोग छत पर चले गए

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

**Ans : (d)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'बिजली जाने पर सब लोग छत पर चले गए' शुद्ध वाक्य है।

**निर्देश (133–138) : एक वाक्य को तीन भागों में विभक्त किया गया है जिसमें से एक भाग में त्रुटि हो सकती है। यदि है, तो उस भाग का चयन करें। यदि नहीं है, तो (d) को चुनें।**

133. (a) उनके गाँव के भीतर (b) दो कुएँ हैं
(c) किन्तु एक सूखा हुआ है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

**Ans : (a)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'उनके गाँव के भीतर' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि यहाँ 'के भीतर' के स्थान पर 'में' का प्रयोग होना चाहिए।

134. (a) हम सबने मिलकर (b) इस विषय का
(c) विचार विमर्श का (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

Ans : (b) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'इस विषय का' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि यहाँ 'का' के स्थान पर 'पर' का प्रयोग होना चाहिए।

**135.** (a) गाँधी जी (b) नित्य चरखा
(c) चलाते थे (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

Ans : (d) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में कोई भी भाग त्रुटिपूर्ण नहीं है।

**136.** (a) आजन्म अविवाहित रहने की भीषण प्रतिज्ञा
(b) कोई शान्तनु–पुत्र देवव्रत
(c) ही कर सकता है
(d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

Ans : (a) दिये गये वाक्य खण्डों में से 'आजन्म अविवाहित रहने की भीषण प्रतिज्ञा' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि प्रतिज्ञा के साथ 'दृढ़' शब्द का प्रयोग होता है; न कि भीषण का।

**137.** (a) हमारे देश का विकास (b) हिमालय से
(c) हिन्द महासागर तक है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

Ans : (a) प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'हमारे देश का विकास' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि यहाँ 'विकास' के स्थान पर 'विस्तार' शब्द होना चाहिए।

**138.** (a) वह प्रतिदिन (b) प्रात: काल
(c) के समय घूमने जाता है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-DASS Grade-II (Tier-I) (25-06-2017)**

Ans : (c) दिये गये वाक्य खण्डों में से 'के समय घूमने जाता है' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि वाक्य खण्ड (2) में जब प्रात:काल का प्रयोग हुआ है तो अगले वाक्य खण्ड में समय का प्रयोग अनुचित है।

**निर्देश (139-140) : निम्नलिखित प्रश्नों में वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं। प्रत्येक (a), (b), (c), और (d) चार भागों में विभक्त है। वाक्य के जिस भाग में त्रुटि हो उसे चिह्नित कीजिए :**

**139. (a) मैं आज सुबह आपके/(b) घर गया था/(c) किन्तु तुम घ(d) पर नहीं मिले।**

**DSSSB-LDC (30-08-2015)**

Ans. (c) : प्रश्नगत वाक्य का तीसरा भाग त्रुटिपूर्ण है, यहाँ 'तुम' के स्थान पर 'आप' का प्रयोग होना चाहिये। अत: शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा- 'मैं आज सुबह आपके घर गया था, किंतु आप घर पर नहीं मिले।

**140. (a) कल जो आदमी आपने/(b) बुलाया था/(c) वह आज/(d) आ गया है।**

**DSSSB-LDC (30-08-2015)**

Ans. (a) : दिये गये वाक्य के पहले भाग में त्रुटि है, यहाँ 'जो' के स्थान पर 'जिस' का प्रयोग उचित है। इस प्रकार वाक्य का शुद्ध रूप 'कल जिस आदमी को आपने बुलाया था, वह आज आ गया है।' होगा।

**निर्देश (141-144) : एक वाक्य को तीन भागों में विभक्त किया गया है, जिसमें से एक भाग में त्रुटि हो सकती है। यदि त्रुटि है, तो उस भाग का चयन करे। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो (d) को चुनें।**

**141.** (a) पड़ोस वाला लड़का (b) जोर–जोर से
(c) गालियाँ निकाल रहा था (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

Ans : (c) वाक्यांश 'गालियाँ निकाल रहा था' अशुद्ध है, उसके स्थान पर 'गालियाँ दे रहा था' शुद्ध होगा। अत: वाक्य बनेगा– 'पड़ोस वाला लड़का जोर–जोर से गालियाँ दे रहा था।'

**142.** (a) मुझे बड़ी (b) भूख लग
(c) रही है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

Ans : (a) दिए गए वाक्यांशों में से 'मुझे बड़ी' अशुद्ध वाक्यांश है, इसके स्थान पर 'मुझे बहुत' का प्रयोग होगा, अत: वाक्य बनेगा– 'मुझे बहुत भूख लग रही है।'

**143.** (a) राकेश (b) विलाप करके
(c) रोने लगा (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

Ans : (b) दिए गए वाक्यांशों में से 'विलाप करके' अशुद्ध वाक्यांश है, इसके स्थान पर 'बिलख-बिलख कर' का प्रयोग होगा। अत: वाक्य बनेगा– 'राकेश बिलख–बिलख कर रोने लगा।'

**144.** (a) वह दफ्तर में (b) बिल्कुल भी काम
(c) नहीं करना चाहता (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

Ans : (d) दिए गए वाक्यांशों में कोई त्रुटि नहीं है, अत: वाक्य बनेगा– वह दफ्तर में बिल्कुल भी काम नहीं करना चाहता। अत: विकल्प (d) सही है।

**निर्देश:(145-149) : निम्नलिखित प्रश्नों में एक वाक्य को तीन भागों में विभक्त किया गया है, जिसमें से किसी एक भाग में त्रुटि हो सकती है। जिस भाग में त्रुटि है उसका चयन करें। यदि कोई त्रुटि नहीं है तो (D) का चयन करें।**

**145.** (a) न्यायालय में (b) अपने तर्क
(c) सप्रमाण सहित प्रस्तुत करें (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)**

Ans. (c) : प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'सप्रमाण सहित प्रस्तुत करें' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि सप्रमाण का अर्थ है प्रभाव 'सहित' तथा पुन: 'सहित' का प्रयोग अनुचित है।

**146.** (a) गुलामी की दासता (b) मनुष्य पर
(c) कलंक है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)**

Ans. (a) : प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'गुलामी की दासता' त्रुटिपूर्ण है क्योंकि 'गुलामी' के साथ 'दासता' का प्रयोग अनुचित है। 'गुलामी' व 'दासता' समानार्थी है, अत: किसी एक का प्रयोग ही उचित होगा।

**147.** (a) आपके इन्हीं गुणों के कारण
(b) लोग तुम्हारी गाथाओं का वर्णन करते
(c) नहीं थकते
(d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)**

**Ans. (b) :** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में से 'लोग तुम्हारी गाथाओं का वर्णन करते' त्रुटिपूर्ण है क्योंकि वाक्य खण्ड (1) में 'आप' रूपी आदरसूचक सर्वनाम का प्रयोग किया गया है तो फिर पूरे वाक्य खण्डों में उस व्यक्ति के लिए 'तुम' का प्रयोग नहीं किया जा सकता। अत: यहाँ 'तुम्हारी' के स्थान पर 'आपकी' का प्रयोग होना चाहिए।

**148.** (a) आशा है (b) कि आप
(c) सकुशलतापूर्वक होंगे (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)**

**Ans. (c) :** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में 'सकुशलतापूर्वक होगें' भाग त्रुटिपूर्ण है क्योंकि 'सकुशल' के साथ पूर्वक का प्रयोग अनुचित है।

**149.** (a) मेरे को (b) आज खेलने
(c) नहीं जाना है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)**

**Ans. (a) :** प्रस्तुत वाक्य खण्ड़ों में 'मेरे को' भाग में त्रुटि है। यहाँ 'मेरे को' के स्थान पर 'मुझे' का प्रयोग होना चाहिए। इसमें कारक संबंधी त्रुटि है।

**निर्देश (150-152) : निम्नलिखित वाक्यों को चार भागों में बाँटा गया है। प्रत्येक वाक्य में एक भाग अशुद्ध है। आपको सही उत्तर चुनना है।**

**150.** कुत्ता (a)/ बिल्ली से (b)/ भगा (c)/ रहा है। (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-स्पेशल एजुकेशन शिक्षक परीक्षा (28-04-2013)**

**Ans. (b)** दिये गये विकल्पों में से विकल्प (b) अशुद्ध है, 'बिल्ली से' के स्थान पर 'बिल्ली को' होगा। अत: शुद्ध वाक्य होगा – कुत्ता बिल्ली को भगा रहा है।

**151.** चॉकलेट आईसक्रीम (a)/ बच्चे में (b)/ बहुत (c)/ पसंद है। (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-स्पेशल एजुकेशन शिक्षक परीक्षा (28-04-2013)**

**Ans. (b) :** दिए गए विकल्पों में से में विकल्प (b) 'बच्चे में' गलत है, इसके स्थान पर 'बच्चों को' का प्रयोग होगा। अत: शुद्ध वाक्य है– चॉकलेट आईसक्रीम बच्चों को बहुत पसंद है।

**152.** तुमने (a)/ तुम्हारा (b)/ पेन्सिल (c)/ कहाँ रखी है? (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB-स्पेशल एजुकेशन शिक्षक परीक्षा (28-04-2013)**

**Ans. (b)** दिए गए विकल्पों में से में विकल्प (b) 'तुम्हारा' अशुद्ध है, इसके स्थान 'अपनी' का प्रयोग होगा। अत: शुद्ध वाक्य है– 'तुमने अपनी पेन्सिल कहाँ रखी है'?

**153. इनमें व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है–**
(a) राम रोटी खाया (b) राम ने रोटी खाया
(c) राम ने रोटी खायी (d) राम रोटी खायी

**DSSSB- Forest Gaurd Exam. (28-09-2014)**

**Ans : (c)** 'राम ने रोटी खायी' व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है।

**निर्देश (154-157): इन प्रश्नों में एक वाक्य को तीन भागों में विभक्त किया गया है। जिसमें से एक भाग में त्रुटि हो सकती है। यदि है तो उस भाग का चयन करें, अन्यथा (d) का चयन करें।**

**154.** (a) घोड़ा गाड़ी (b) सड़क ऊपर
(c) दौड़ रही थी (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- TGT/PGT Computer Science (21-06-2017)**

**Ans : (b)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में 'सड़क ऊपर' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'सड़क ऊपर' के स्थान पर **'सड़क पर'** होना चाहिए।

**155.** (a) किसी भी काम में (b) समय का पाबंदी
(c) अनिवार्य है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- TGT/PGT Computer Science (21-06-2017)**

**Ans : (b)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में 'समय का पाबन्दी' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ **'समय की पाबन्दी'** का प्रयोग होना चाहिए था; न कि 'समय का पाबन्दी'।

**156.** (a) उस स्थान में (b) एक बहुत बड़ी
(c) झील है (d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- TGT/PGT Computer Science (21-06-2017)**

**Ans : (a)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में 'उस स्थान में' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'में' के स्थान पर **'पर'** का प्रयोग उपयुक्त है। यथा – उस स्थान पर एक बहुत बड़ी झील है।

**157.** (a) समय पर सोना और जागना
(b) स्वास्थ्य के लिए
(c) बहुत जरूर है
(d) कोई त्रुटि नहीं

**DSSSB- TGT/PGT Computer Science (21-06-2017)**

**Ans : (c)** प्रस्तुत वाक्य खण्डों में 'बहुत जरूर है' भाग त्रुटिपूर्ण है। यहाँ 'जरूर' के स्थान पर **'जरूरी'** का प्रयोग उचित है।

**158. इनमें व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है-**
(a) मैंने किताब पढ़ी (b) मैं किताब पढ़ी
(c) मैं किताब पढा (d) मैंने किताब पढता है।

**DSSSB-PGT (30-11-2014)**

**Ans. (a)** प्रश्नगत विकल्पों में से व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'मैंने किताब पढ़ी' है।

**159. व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य चुनकर लिखिये।**
(a) मेरी लड़की का नाम गीता है।
(b) मेरी लड़की की नाम गीता है।
(c) मेरी लड़की नाम गीता है।
(d) मेरी लड़की के नाम गीता है।

**DSSSB-PGT (30-11-2014)**

**Ans. (a)** प्रश्नगत विकल्पों में से व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य 'मेरी लड़की का नाम गीता है' होगा।

**निर्देश (160-161): व्याकरण शुद्ध वाक्य चुनकर लिखिए।**

**160.** (a) राजदरबार में अश्वयोजनाक का बारे में चर्चा हो रहा था।
(b) राजदरबार में अश्वयोजना के बारे में चर्चा हो रही थी।
(c) राजदरबार में अश्वयोजनाक की बारे में चर्चा हो रही थी।
(d) राजदरबार में अश्वयोजनाक के चर्चा हो रहे थे।

**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

Ans. (b) प्रस्तुत विकल्पों में से 'राजदरबार में अश्वयोजना के बारे में चर्चा हो रही थी' शुद्ध वाक्य है। शेष वाक्य अशुद्ध होने के कारण उत्तर की दृष्टि से असंगत है।

**161.** (a) अमृतराय के पिता का नाम प्रेमचंद है।
(b) अमृतराय का पिता का नाम प्रेमचंद है।
(c) अमृतराय पिता का नाम प्रेमचंद है।
(d) अमृतराय के पिता नाम प्रेमचंद है।

**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

Ans. (a) प्रस्तुत विकल्पों में से 'अमृतराय के पिता का नाम प्रेमचंद है' वाक्य शुद्ध है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध है।

**निर्देश (162-166): नीचे दिए गए वाक्यों में से शुद्ध वाक्य चुनकर लिखिए।**

**162.** (a) राम अच्छे लड़का है। (b) राम अच्छी लड़का है।
(c) राम अच्छा लड़का है। (d) राम बुरी लड़का है।

**DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)**

Ans. (c) दिये गये वाक्यों में से 'राम अच्छा लड़का है' सर्वाधिक शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प अशुद्ध वाक्यों के उदाहरण है।

**163.** (a) आप फल खाइये। (b) आप फल खाओ।
(c) आप फल खाऊँगा। (d) आप फल खाते।

**DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)**

Ans. (a) दिये गये विकल्पों में से 'आप फल खाइये' सर्वाधिक शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प अशुद्ध वाक्य होने के कारण उत्तर की दृष्टि से असंगत हैं।

**164.** (a) गोविंद ने ग्रंथ देखे। (b) गोविंद ने ग्रंथ देखी।
(c) गोविंद ने ग्रंथ देखा। (d) गोविंद ग्रंथ देखी।

**DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)**

Ans. (c) दिये गये विकल्पों में से 'गोविन्द ने ग्रंथ देखा' सर्वाधिक शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प उत्तर की दृष्टि से असंगत हैं।

**165.** (a) भास्कर आम खाई। (b) भास्कर ने आम खाया।
(c) भास्कर आम खाती है। (d) भास्कर ने आम खाता।

**DSSSB-मोटर वाहन इंस्पेक्टर परीक्षा (28-12-2014)**

Ans. (b) प्रस्तुत विकल्पों में से 'भास्कर ने आम खाया' सर्वाधिक शुद्ध वाक्य है। शेष विकल्प अशुद्ध वाक्य के उदाहरण हैं।

**166. 'हिन्दी' शब्द का शुद्ध रूप :**
(a) हिंदी (b) हिन्दि
(c) हींदी (d) हिन्दी

**DSSSB- मैट्रन व वार्डन परीक्षा (29-06-2014)**

Ans. (d) : 'हिन्दी' शब्द का शुद्ध रूप 'हिन्दी' है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

**निर्देश (167-168): इनमें व्याकरण शुद्ध वाक्य है:**

**167.** (a) उन्होंने राम की प्रशंसा की
(b) वे राम की प्रशंसा किए
(c) उन्होंने राम की प्रशंसा किए
(d) उन्होंने राम का प्रशंसा किए

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

Ans. (a) : दिए गए विकल्पों में से वाक्य 'उन्होंने राम की प्रशंसा की' व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**168.** (a) मैंने किताब पढ़ा (b) मैंने किताब पढ़ी
(c) मैं किताब पढ़ी (d) मैं किताब पढ़े

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

Ans. (b) : दिए गए विकल्पों में से वाक्य 'मैंने किताब पढ़ी' व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है।

**169. शुद्ध वाक्य चुनकर लिखिए।**
(a) तुम क्या करता है
(b) तुम क्या करते हो
(c) तुम क्या करते हैं
(d) तुम क्या करता हूँ

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

Ans. (b) : दिए गए विकल्पों में से वाक्य 'तुम क्या करते हो' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है। शेष सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

**निर्देश (170–173) : वाक्य के शुद्ध रूप का चयन करें–**

**170.** (a) मेरा बेटा और बेटी पटना गई है।
(b) मेरा बेटा और बेटी पटना गया है
(c) मेरा बेटा और बेटी पटना गए है।
(d) मेरा बेटा और बेटी पटना गए हैं।

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

Ans : (d) दिये गये विकल्पों में से 'मेरा बेटा और बेटी पटना गये हैं शुद्ध वाक्य है।

**171.** (a) वह दण्ड देने योग्य है।
(b) वह दण्ड के योग्य है।
(c) वह दण्ड लेने योग्यत है।
(d) वह दण्ड पाने योग्य है।

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

Ans : (b) दिये गये विकल्पों में से 'वह दण्ड के योग्य है' शुद्ध वाक्य है।

**172.** (a) वह एक महिला विद्वान थी।
(b) वह एक विदुषी महिला थी।
(c) एक वह विदुषी महिला थी।
(d) एक विद्वान महिला भी वह।

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

Ans : (b) दिये गये विकल्पों में 'वह एक विदुषी महिला थी' शुद्ध वाक्य है।

**173.** (a) प्राण निकाले गए
(b) प्राण निकला गया
(c) प्राण निकले गए
(d) प्राण निकल गए

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

Ans : (d) दिये गये विकल्पों में 'प्राण निकल गए' सर्वाधिक शुद्ध वाक्य है।

# 03.

# संज्ञा

1. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।**
(a) खारापन
(b) ग्राम्य
(c) तेजस्विता
(d) चिकनाई

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** खारापन, तेजस्विता तथा चिकनाई भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है जबकि ग्राम्य जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है।
भाववाचक संज्ञा - जिस शब्द से किसी वस्तु अथवा व्यक्ति के गुण, दशा, भाव, धर्म, अवस्था आदि का बोध होता है। उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

2. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।**
(a) बूढ़ा
(b) फैलाव
(c) परिष्कार
(d) प्रयोग

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** निम्नलिखित शब्दों में बूढ़ा जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है जबकि फैलाव, परिष्कार, प्रयोग भाववाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।
– बूढ़ा का भाववाचक बुढ़ापा होता है।
भाववाचक संज्ञा– जिस शब्द से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण, दशा, धर्म, भाव, अवस्था, स्वभाव, का बोध होता है उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे– बुढ़ापा, लड़ाई, ममत्व, मिठास आदि।

3. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।**
(a) मिठास
(b) चालाक
(c) राष्ट्रीय
(d) सरलता

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प 'चालाक' नहीं होगा। भाववाचक संज्ञा से किसी स्थिति, भाव, गुण, कर्म या धर्म का ज्ञान होता हैं। भाववाचक संज्ञा की गणना नहीं हो सकती। जैसे - मोह, लोभ, लालच, आनंद, पढ़ाई, लिखाई, वीरता, धैर्य, गुस्सा, बुढ़ापा, जवानी इत्यादि।

4. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।**
(a) देव
(b) बुद्धिमानी
(c) बुढ़ापा
(d) भिंडत

**DSSSB PRT 27/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** निम्न विकल्पों में देव शब्द जातिवाचक संज्ञा है तथा देव का भाववाचक संज्ञा देवत्व होगा। जबकि अन्य शब्द बुद्धिमानी, बुढ़ापा तथा भिंडत भाववाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।

5. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।**
(a) कड़वाहट
(b) आनंद
(c) अंकित
(d) आवश्यकता

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** निम्न प्रश्न में कड़वाहट, आनन्द और आवश्यकता भाववाचक संज्ञा के उदाहरण है। जबकि अंकित व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है।

6. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**
(a) आह! यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।
(b) आह, यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।
(c) आह यह पीड़ा अब और सह नहीं होती।
(d) आहः यह पीड़ा अब और हन नहीं होती।

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** विराम चिन्ह युक्त वाक्य होगा– आह ! यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती। अन्य विकल्प अशुद्ध है।

7. **दिए गए शब्द की संज्ञा ज्ञात कीजिए।**
**भीड़**
(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(b) भाववाचक संज्ञा
(c) द्रव्यवाचक संज्ञा
(d) समूहवाचक संज्ञा

**DSSSB PRT 23/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d)** दिया गया 'भीड़' शब्द समूहवाचक संज्ञा हैं।
समूहवाचक संज्ञा - वस्तुओं का समूह - ढेर, शृंखला, गुच्छा, पुंज, इत्यादि। व्यक्तियों का समूह - सभा, समिति, संघ, परिवार, झुण्ड, भीड़, कक्षा इत्यादि।

**8. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द समूहवाचक संज्ञा हैं ज्ञात कीजिए।**

(a) गड्डी
(b) अच्छाई
(c) गुलाब
(d) गेहूँ

**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** समूहवाचक संज्ञा → से अनेक वस्तुओं या प्राणियों के समूह का बोध होता है।
जैसे- वस्तुओं का समूह - ढ़ेर, शृंखला, गुच्छा, पुंज, इत्यादि।
व्यक्तियों का समूह - सभा, समिति, संघ, परिवार, झुण्ड, कक्षा इत्यादि।
अतः उपर्युक्त व्याख्या के अनुसार दिए गए विकल्प में 'गड्डी' शब्द समूहवाचक संज्ञा है।

**9. निम्नलिखित शब्दों में से भाववाचक संज्ञा ज्ञात कीजिए।**

(a) पुस्तक
(b) वाराणसी
(c) सत्य
(d) शेर

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिये गये शब्दों में भाववाचक संज्ञा 'सत्य' होगा।
**भाववाचक संज्ञा** – जिस संज्ञा शब्द से पदार्थो की अवस्था, गुण-दोष, धर्म आदि का बोध हो उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- विठास, थकावट, मित्रता, मोटापा, सत्य, क्रोध आदि।

**10. दिए गए शब्द की भाववाचक संज्ञा कीजिए।**
**सर्व**

(a) सर्वे
(b) सर्वस्व
(c) सर्वो
(d) सर्वत्र

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिया गया शब्द 'सर्व' का भाववाचक संज्ञा 'सर्वस्व' होगा।
**भाववाचक संज्ञा** – जिस संज्ञा शब्द से किसी स्थिति,भाव, गुण, कर्म या धर्म का ज्ञान होता है। भाववाचक संज्ञा की गणना नही हो सकती हैं। उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

**11. 'मेरी माँ खाना बना रही है।' वाक्य में कर्ता का विस्तार है।**

(a) खाना
(b) बना रही है
(c) मेरी
(d) माँ

**NVS PGT 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** 'मेरी माँ खाना बना रही है।' वाक्य में कर्ता का विस्तार 'मेरी' होगा।

**12. निम्नलिखित शब्दों की व्याकरणिक कोटियाँ किस विकल्प में ठीक-ठीक प्रदर्शित की गई हैं?**
**शब्द-सुंदरता, अपनाया, आप, उष्ण**

(a) सर्वनाम, विशेषण, संज्ञा, क्रिया
(b) विशेषण, संज्ञा, विशेषण, संज्ञा
(c) क्रिया, सर्वनाम, विशेषण, संज्ञा
(d) संज्ञा, क्रिया, सर्वनाम, विशेषण

**KVS PRT 22/12/2018 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों की व्याकरणिक कोटियाँ इस प्रकार है- सुन्दरता (संज्ञा), अपनाया (क्रिया), आप (सर्वनाम), उष्ण (विशेषण)

**13. 'रहीम' किस तरह की संज्ञा है? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिएः**

(a) व्यक्तिवाचक
(b) भाववाचक
(c) जतिवाचक
(d) समूहवाचक

**KVS PGT NER (Common) 21/12/2017**

**Ans. (a) :** 'रहीम' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। जिस शब्द से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते है। जैसेः सोहन, मोहन, गंगा, काशी इत्यादि।

**14. 'कुंज' शब्द संज्ञा के किस भेद के अन्तर्गत है? सही विकल्प को चिन्हित कीजिए।**

(a) समूहवाचक
(b) भाववाचक
(c) व्यक्तिवाचक
(d) जातिवाचक

**KVS TGT Work Experience 2017**

**Ans. (a) :** 'कुंज' शब्द का अर्थ झाड़ियों, लताओं आदि से घिरा हुआ स्थान है। यह समूहवाचक संज्ञा है।

**15. हिंदी में शब्दों का लिंग-निर्धारण किसके आधार पर होता है? निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प को चिह्नित कीजिए :**

(a) विशेषण
(b) क्रिया
(c) सर्वनाम
(d) संज्ञा

**KVS TGT 2016**

**Ans. (d) :** हिन्दी में शब्दों का लिंग निर्धारण संज्ञा के आधार पर होता है। संज्ञा विकारी शब्द है। विकारी शब्द रूपों को परिवर्तित अथवा रूपान्तरित करता है। संज्ञा के रूप लिंग, वचन और कारक चिन्हों (परसर्ग) के कारण बदलते हैं, जैसे- लड़का खाता है- लड़की खाती है। यहाँ 'लड़का' पुल्लिंग और 'लड़की' स्त्रीलिंग है।

**16. जिस संज्ञा से पदार्थ में पाए जाने वाले किसी धर्म का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं?**

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(b) वस्तुवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा
(d) जातिवाचक संज्ञा

**KVS TGT 2018**

**Ans. (c) :** जिस संज्ञा से पदार्थ में पाये जाने वाले किसी धर्म का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते है। जैसे- मीठा, नम्रता, लम्बाई इत्यादि। हर पदार्थ का धर्म होता है, जैसे आग में गर्मी, पानी में शीतलता। पदार्थ का गुण या धर्म पदार्थ से अलग नहीं रह सकता।

**17. निम्नलिखित संज्ञा-विशेषण जोड़ी में कौन-सा सही नहीं है-**

(a) विष-विषैला
(b) पिता-पैतृक
(c) आदि-आदिम
(d) प्रांत-प्रातिक

**NVS TGT Physics 01/06/2014**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों मे प्रांत-प्रातिक संज्ञा-विशेषण जोड़ी का सही युग्म नहीं है। क्योंकि प्रांत का विशेषण शब्द प्रान्तीय होता है।

**18. 'सुन्दर' की भाववाचक संज्ञा है ?**

(a) सुन्दरता
(b) सौन्दर्य
(c) केवल 'A'
(d) 'A' व 'B' दोनों

**NVS TGT Physics 01/06/2014**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में सुन्दरता तथा सौंदर्य दोनों ही भाववाचक संज्ञा शब्द है। जबकि सुन्दर विशेषण शब्द है।

**भाववाचक संज्ञाः-** वे संज्ञा शब्द जो किसी भाव, गुण, दशा आदि का बोध कराते है भाववाचक संज्ञा कहलाते है।

**जैसेः-** सुन्दरता, दुर्बलता, यौवन आदि।

**विशेषणः-** वे शब्द जो संज्ञा एवं सर्वनाम की विशेषता बताते है विशेषण कहलाते हैं।

**जैसेः-** दुर्बल, सुन्दर, थोड़ा, अच्छा आदि।

**19. 'सभा' शब्द का प्रयोग किस संज्ञा के अन्तर्गत आता है?**

(a) व्यक्तिवाचक
(b) जातिवाचक
(c) भाववाचक
(d) द्रव्यवाचक

**NVS TGT 2013**
**KVS TGT (Social Studies) 2013**

**Ans. (*) :** प्रश्न में दिये गये सभी उत्तर गलत है। 'सभा' शब्द समूह वाचक संज्ञा के अन्तर्गत आता है।

**20. संज्ञा की व्याप्ति किससे मर्यादित होती है?**

(a) सर्वनाम
(b) क्रिया
(c) विशेषण
(d) समास

**KVS TGT (Social Studies) 2013**

**Ans. (c) :** जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है उसे विशेषण कहते है।

'सर्वनाम' उस विकारी शब्द को कहते हैं, जो अर्थ पर संबंध से किसी भी संज्ञा के बदले आता है।

जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाए उसे क्रिया कहते हैं।

**21. संज्ञा के किस रूप से किसी को पुकारने का बोध होता है?**

(a) संबंध-कारक
(b) संप्रदान-कारक
(c) संबोधन-कारक
(d) अपादान-कारक

**KVS TGT (Social Studies) 2013**

**Ans. (c) :** संज्ञा के संबोधन-कारक से किसी को पुकारने का बोध होता है।

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य का सम्बन्ध किसी दूसरे शब्द के साथ जाना जाए, इसे कारक कहते हैं।

**22. गहरा शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है-**

(a) गहराई
(b) गहराना
(c) गहराइ
(d) गहरा

**DSSSB-TGT (28-12-2014)**

**Ans. (a) :** 'गहरा' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप 'गहराई' है। इसमें 'ई' प्रत्यय प्रयुक्त है। 'गहरा' विशेषण शब्द है।

**23. जिस संज्ञा से पदार्थ में पाए जाने वाले किसी धर्म का बोध होता है, उसे क्या कहते है?**

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(b) वस्तुवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा
(d) जातिवाचक संज्ञा

**KVS-TGT (2018)**

**Ans : (c)** जो शब्द पदार्थों की अवस्था, गुण, दोष, धर्म, दशा, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- बुढ़ापा, मिठास, बचपन, चढ़ाई, ममता, ममत्व इत्यादि।

**24. 'देवत्व' शब्द में कौन–सी संज्ञा है?**

(a) जातिवाचक
(b) भाववाचक
(c) द्रव्यवाचक
(d) व्यक्तिवाचक

**DSSSB- Grade-IV Exam. (17-09-2017)**

**Ans : (b)** 'देवत्व' शब्द में भाववाचक संज्ञा है। किसी भाव, दशा गुण तथा कार्य का बोध कराने वाली संज्ञा भाववाचक संज्ञा कहलाती है। जैसे– शैशव, यौवन, लाभ, क्रोध आदि।

**25. 'घबराना' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द है**

(a) घबराहट
(b) घबरा
(c) घबरापन
(d) घबराई

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (a) :** 'घबराना' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द 'घबराहट' है। 'घबराना' क्रिया पद है।

**निर्देश (26-30): नीचे दिए गए शब्दों का भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए।**

**26.** लड़का
(a) लड़कपन
(b) लड़की
(c) लड़कापन
(d) लड़काई

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (a) :** जो शब्द पदार्थों की अवस्था, गुण, दोष, धर्म, दशा, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। भाववाचक संज्ञाएँ जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया व अव्ययों से बनायी जाती हैं। 'लड़का' जातिवाचक संज्ञा है, अत: इसका भाववाचक संज्ञा 'लड़कपन' होगा।

**27. बुरा**
(a) बुरे
(b) बुरी
(c) बुराई
(d) बुरा

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (c) :** 'बुरा' विशेषण शब्द है, इसकी भाववाचक संज्ञा 'बुराई' होगी।

**28. अपना**
(a) अपनापन
(b) अपनाई
(c) अपना
(d) अपनी

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (a) :** 'अपना' सर्वनाम शब्द है इसकी भाववाचक संज्ञा 'अपनापन' होगी।

**29. सेवक**
(a) सेविका
(b) सेवकाई
(c) सेवक
(d) सेवका

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (b) :** 'सेवक' का भाववाचक संज्ञा रूप 'सेवकाई' है। 'सेवक' विशेषण शब्द है।

**30. मानव**
(a) मानवता
(b) मानवस्था
(c) मानवपन
(d) मनाव

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (a) :** 'मानव' जातिवाचक संज्ञा है इसकी भाववाचक संज्ञा 'मानवता' होगी।

**31. जातिवाचक संज्ञा कौन–सी है?**
(a) स्त्री
(b) बनारस
(c) यमुना
(d) पीपल

**DSSSB- ग्रेड- III परीक्षा (24-09-2017)**

**Ans : (a)** जातिवाचक संज्ञा – जो संज्ञा एक ही प्रकार की वस्तुओं का (पूरी जाति का) बोध कराती है, वह जातिवाचक संज्ञा कही जाती है। जैसे– नदी, पर्वत, लड़की आदि। 'नदी' जातिवाचक संज्ञा है क्योंकि यह सभी नदियों का बोध कराती है किन्तु गंगा एक विशेष नदी का नाम है, इसलिए गंगा व्यक्तिवाचक संज्ञा है।
इसी प्रकार 'स्त्री' शब्द सभी स्त्रियों का बोध कराती है अत: यह जातिवाचक संज्ञा है।

**32. व्यक्तिवाचक संज्ञा कौन–सी है?**
(a) नदी
(b) गाय
(c) गंगा
(d) आम

**DSSSB- Steno. (Grade-III) (11-06-2017)**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में से 'गंगा' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। नदी, गाय जातिवाचक संज्ञा है जबकि सेना समूहवाचक संज्ञा है।

**33. मैं <u>पुस्तक</u> पढ़ता हूँ।**
(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग
(b) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग
(d) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग

**DSSSB-स्पेशल एजुकेशन शिक्षक परीक्षा (28-04-2013)**

**Ans. (a) :** किसी भी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध कराने वाली संज्ञा ही व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाती है अर्थात् व्यक्तिवाचक संज्ञा सभी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की सम्पूर्ण जाति में खास का नाम बताती है।
अत: 'मैं पुस्तक पढ़ता हूँ' में पुस्तक व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

**34. उसकी मुस्कुराहट जैसी मुस्कुराहट किसी की नहीं। इस वाक्य में संज्ञा है:**
(a) मुस्कुराहट
(b) उसकी
(c) नहीं
(d) किसी की

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (13-10-2018)**

**Ans. (a)** वाक्य 'उसकी मुस्कुराहट जैसी मुस्कुराहट किसी की नहीं' में **'मुस्कुराहट'** शब्द संज्ञा है।

**35. गुलाम शब्द का भाववाचक रूप ........ है–**

(a) गुलामे
(b) गुलामी
(c) गुलामपन
(d) गुलामि

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (02-02-2014)**

**Ans : (b)** गुलाम शब्द का भाववाचक रूप 'गुलामी' होगा। 'गुलाम' विशेषण शब्द है।

**36. 'छोटा' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है-**

(a) छोटी
(b) छुटपन
(c) छोटापन
(d) छोटापा

**DSSSB-PGT (30-11-2014)**
**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

**Ans. (b)** 'छोटा' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप 'छुटपन' होगा। 'छोटी' शब्द छोटा का स्त्रीलिंग रूप है।

**निर्देश (37-41): निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप चुनकर लिखिए।**

**37. वकील**

(a) वकीलता
(b) वकालत
(c) वकिलता
(d) वकीलत

**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

**Ans. (b) :** 'वकील' का भाववाचक संज्ञा रूप वकालत होगा। किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा होते हैं। जैसे- क्रोध, मिठास, यौवन, कालिमा आदि।

**38. नेता**

(a) नेताजी
(b) नेताई
(c) नेतृत्व
(d) नेत

**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

**Ans. (c)** 'नेता' का भाववाचक संज्ञा रूप 'नेतृत्व' होगा।

**39. आत्मीय**

(a) आत्मीयता
(b) आत्मीया
(c) आत्मीयापन
(d) आत्मियत

**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

**Ans. (a)** 'आत्मीय' का भाववाचक संज्ञा रूप 'आत्मीयता' होगा। 'आत्मीय' विशेषण शब्द है।

**40. देना**

(a) देन
(b) देना
(c) देनान
(d) देनता

**DSSSB-लैब सहायक परीक्षा (26-04-2015)**

**Ans. (a)** 'देना' का भाववाचक संज्ञा रूप 'देन' होगा। 'देना' क्रिया पद है।

**41. 'बूढ़ा' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप–**

(a) बुढ़ापा
(b) बूढ़ी
(c) बूढ़ापन
(d) बुढ़ापन

**DSSSB-हेड कांस्टेबल परीक्षा (29-06-2014)**

**Ans : (a)** 'बूढ़ा' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप 'बुढ़ापा' है। वे संज्ञा शब्द जो पदार्थों की अवस्था, गुण, दोष, धर्म, दशा, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, उन्हें भावात्मक संज्ञा कहते हैं।

**42. 'इंसानियत' शब्द में कौन–सी संज्ञा है?**

(a) व्यक्तिवाचक
(b) जातिवाचक
(c) भाववाचक
(d) द्रव्यवाचक

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (29-12-2013)**

**Ans : (c)** किसी भाव,गुण, दशा, आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा होते हैं।
'इन्सान' शब्द जातिवाचक संज्ञा है, इसकी भाववाचक संज्ञा 'इन्सानियत' है।

**43. निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है–**

(a) पर्वत
(b) फल
(c) नगर
(d) ऐरावत

**DSSSB-प्राइमरी शिक्षक परीक्षा (29-12-2013)**

**Ans : (d)** जो संज्ञा एक ही प्रकार की वस्तुओं का (पूरी जाति का) बोध कराती है, वे जातिवाचक कही जाती है। जैसे– पर्वत, फल, नगर, किन्तु ऐरावत एक हाथी का नाम है, जो व्यक्तिवाचक संज्ञा का बोध कराता है। अत: विकल्प (d) सही है।

**44. मीठा शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप चुनकर लिखिए।**

(a) मिठाई
(b) मिठास
(c) मीठी
(d) मीठ

**DSSSB-लोवर डिवीजन क्लर्क (16-11-2014)**

**Ans. (a) :** किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा होते हैं। 'मीठा' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप 'मिठाई' है।

# 04.

# सर्वनाम

1. **दिए गए वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम ज्ञात कीजिए। बच्चे वही कहानी सुनेंगे जो सच हैं।**
(a) बच्चे, जो
(b) वही, जो
(c) वही, हो
(d) कहानी, सच

**DSSSB PRT 16/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिए गए वाक्य में सम्बन्ध वाचक सर्वनाम, वही, जो होगा।
• प्रयोग के आधार पर सर्वनाम के छः भेद है -
(i) पुरूषवाचक सर्वनाम - मैं, हम, तुम, आप, ये, वे, वह।
(ii) निश्चय वाचक सर्वनाम - यह, वह।
(iii) अनिश्चय वाचक सर्वनाम - कोई, कुछ।
(iv) निजवाचक सर्वनाम - आप, स्वयं खुद।
(v) सम्बन्ध वाचक सर्वनाम - जो, सो।
(vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम - क्या, कौन, कैसे, कहाँ, कब, क्यों।

2. **दिए गए वाक्य में निजवाचक सर्वनाम ज्ञात कीजिए। सफलता पाने के लिए तुम्हें स्वयं कठोर परिश्रम करना पड़ेगा।**
(a) करना
(b) के लिए
(c) स्वयं
(d) तुम्हें

**DSSSB PRT 07/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** दिए गए वाक्य में निजवाचक सर्वनाम 'स्वयं' होगा।
**निजवाचक सर्वनाम –** आप, स्वयं, खुद।
**सम्बन्ध वाचक सर्वनाम –** जो, सो।
**निश्चय वाचक सर्वनाम –** यह, वह।

3. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।**
(a) उन्हें
(b) तुम
(c) तुम्हें
(d) हमारा

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-I)**
**DSSSB PRT 25/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम का सबसे अच्छा विकल्प 'उन्हें' होगा।
अन्य पुरुष - जिस सर्वनाम का प्रयोग वक्ता किसी तीसरे व्यक्ति के बारे में बताने के लिए करता है। तब वहाँ इस सर्वनाम का प्रयोग होता है। जैसे- यह, वह, ये, वे, उन्हें, आदि।
जैसे - वह फुटबॉल बहुत अच्छा खेलते हैं।

4. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य के अनुसार सर्वनाम के भेद का ही विकल्प है। स्वाद में कुछ कमी है।**
(a) संबंधवाचक सर्वनाम
(b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(d) अनिश्चवाचक सर्वनाम

**DSSSB PRT 26/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** अनिश्चयवाचक सर्वनाम - जिस सर्वनाम में किसी वस्तु का निश्चित बोध नहीं होता, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।
स्वाद में कुछ कमी है। - इस वाक्य में 'कुछ' सर्वनाम शब्द से अनिश्चितता का बोध होता है। इसलिए यह शब्द अनिश्चय वाचक सर्वनाम होगा।

5. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम शब्द का सबसे अच्छा विकल्प है।**
(a) आप
(b) हम
(c) मेरा
(d) इसने

**DSSSB PRT 30/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम– जिसके सम्बन्ध मे बात कही गयी हो, वह अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम कहलाता है। जैसे– वह, वे, इसने, उसने आदि।
इसने हम लोगों की सेवा की।
हम, – उत्तम पुरुष

**6. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य में अनुसार सर्वनाम के भेद का सही विकल्प है।**

**मै ( स्वयं ) गाड़ी चला सकती हूँ।**

(a) संबंधवाचक
(b) अनिश्चयवाचक
(c) प्रश्नवाचक
(d) निजवाचक

**DSSSB PRT 29/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** दिए गए वाक्य - 'मैं (स्वयं) गाड़ी चला सकती हूँ।' में निजवाचक सर्वनाम होगा।

- प्रयोग के आधार पर सर्वनाम के छः भेद है -

(i) पुरुष वाचक सर्वनाम - मै, हम, तुम, आप, ये, वे, वह।
(ii) निश्यचयवाचक सर्वनाम – यह, ये, वे, वह।
(iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम - कोई, कुछ।
(iv) निजवाचक सर्वनाम - आप, स्वयं, खुद।
(v) सम्बन्धवाचक सर्वनाम - जो, सो।
(vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम - क्या, कौन, कैसे, कहाँ, कब, क्यों।

**7. दिया गया वाक्य किस पुरूष का उदाहरण है, ज्ञात कीजिए।**

**जीवेश एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी है।**

(a) उत्तम पुरूष
(b) अन्य पुरूष
(c) मध्यम पुरूष
(d) प्रथम पुरूष

**DSSSB PRT 20/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b)** दिया गया वाक्य 'जीवेश एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं'। में अन्य पुरूष का उदाहरण है।

**8. दिए गए वाक्य का पुरूष ज्ञात कीजिए।**

**तुम कल कहाँ थे?**

(a) उत्तम
(b) मध्यम
(c) प्रथम
(d) अन्य पुरूष

**DSSSB PRT 24/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** दिए गए वाक्य 'तुम कल कहाँ थे' ? में मध्यम पुरुष होगा। मध्यम पुरुष - सुनने वाले श्रोता को 'मध्यम पुरुष' कहा जाता है जैसे - तू, तुम, आप।

**9. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को छाँटिए जिसमें केवल सर्वनाम शब्द हों-**

(a) काला, गहरा, फीका
(b) कोई, कुछ, तुम्हारा
(c) सीता,मेज, घड़ी
(d) टहलना, लेटना, हिलना

**KVS TGT 2014**

**Ans. (b) :** शब्द संग्रह ' कोई,कुछ, तुम्हारा' में सभी सर्वनाम शब्द है जबकि काला, गहरा, फीका विशेषण शब्द है। सीता, मेज, घड़ी संज्ञा शब्द है। टहलना, लेटना , हिलना क्रिया शब्द है।

**10. 'यह कोई नयी पुस्तक नहीं है'-वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?**

(a) निजवाचक
(b) पुरुषवाचक
(c) अनिश्चयवाचक
(d) निश्चयवाचक

**KVS Vice Principal 2018**

**Ans. (d) :** वाक्य में 'यह' शब्द निश्चयवाचक सर्वनाम है। सर्वनाम के सामान्यतः 6 प्रकार होते है जिनमें से निश्चयवाचक सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध होता है, जैसे- यह, वह, इसे, वही, यही आदि।

**11. 'कौन' सर्वनाम का गुणवाचक शब्द दिए गए विकल्पों में से चिह्नित कीजिए :**

(a) कैसा
(b) कितना
(c) किस
(d) कितने

**KVS TGT 2016**

**Ans. (a) :** 'कौन' सर्वनाम का गुणवाचक शब्द दिये गये विकल्पों में से 'कैसा' होगा।

**12. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द सर्वनाम है? नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनिएः**

(a) राधा
(b) वह
(c) सुन्दर
(d) विभीषण

**KVS TGT NER 2017**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में से 'वह' शब्द सर्वनाम है। सर्वनाम उस विकारी शब्द को कहते हैं, जो संज्ञा के बदले प्रयुक्त होता है। हिन्दी में कुल 11 सर्वनाम हैं- मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या।